जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

जयपुर, बुधवार 11 दिसम्बर, 2024



# Grow With India Invest With Kedia

Be Part of Rajasthan's Real Estate Revolution



## Collaborate with Kedia

KEDIA®

40 Years of Commitment, Growth and Success

Toll Free: 1800-120-2323

info@kedia.com www.kedia.com

## विचार बिन्दु

मेरे दोस्त किसी चीज़ को कुरूप ना कहो, सिवाय उस भय के जिसकी मारी कोई आत्मा स्वयं अपनी स्मृतियों से डरने लगे। -खलील जिब्रान

# आयुर्वेद को युगानुकूल बनाने की सलाह क्या राइज़िंग राजस्थान सुनेगा?

जोधपुर में राष्ट्रीय आयुर्वेद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 'आयुर्वेदिक औषधि मानकीकरण-चुनौतियां और समाधान' विषय पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने पिछले हफ्ते कहा कि आयुर्वेद के भारतीय ज्ञान को युगानुकूल बनाते हुए उसकी औषधियों पर शोध और अनुसंधान को बढ़ावा दे कर उनका प्रसार किया जाना चाहिये। उनकी यह भी सलाह थी कि आयुर्वेद की औषधियों के प्रमाणीकरण और पेटेंट पाने के प्रयत्न भी किये जाने चाहिये।

उनकी यह सलाह भी थी कि आयुर्वेदिक औषधियों की ब्रांडिग और पैकेजिंग ऐसी हो कि वह उपयोग के लिए लोगों को आकर्षित करे। उन्होंने आयुर्वेदिक औषधियों के विपणन की कारगर नीति पर भी कार्य करने पर जोर दिया। राज्यपाल की इन सलाहों से कौन इनकार कर सकता है। भारतीय चिकित्सा का इतिहास बहुत पुराना है। यहां पुरातन काल में उन्नत चिकित्सा तथा औषध विज्ञान था जिस पर हम भारत के लोग सहज ही गर्व कर सकते हैं। भारत के लोग अपने आयुर्वेद पर गर्व तो करते हैं मगर बीमारी तथा दुर्घटना की आपात् स्थिति में भरोसा ऐलोपैथी की आधुनिक पद्धति पर ही करते हैं। लोग ही क्यों आयुर्वेद चिकित्सक भी निदान के लिए ऐलोपैथी के जांच केंद्रों की रिपोर्टों का सहारा लेते हैं। राज्यपाल की सलाह क्या राइज़िंग राजस्थान सुनेगा? भारतीय चिकित्सा और औषध विज्ञान की आरंभिक अवधारणाएं कालातीत वेदों में खोजी जा सकती हैं। भारतीय मेधा ने इस पुरातन चिकित्सा विज्ञान को आयुर्वेद नाम देकर उसे स्वतंत्र वेद का दर्जा ही दे दिया और इस पद्धति के प्रणेता माने गये धन्वंतरि को चिकित्सा के देवता के रूप में प्रतिष्ठित कर दिया। कोई दो-तीन सौ साल हुए अंग्रेजों के आगमन के साथ आई ऐलोपैथी की चिकित्सा पद्धति के पहले तक आयुर्वेद चिकित्सा से ही इस विशाल भू-भाग में बसने वालों का बीमारियों में इलाज होता आया था। यवनों के साथ यूनानी चिकित्सा पद्धति भी आई। आयुर्वेद का स्वर्ण युग, ८00 ईसा पूर्व से लेकर लगभग 1000 ई. तक, विशेष रूप से चरक-संहिता और सुश्रुत-संहिता जैसे चिकित्सा ग्रंथों के निर्माण के साथ माना जा सकता है। चरक, एक चिकित्सक और सुश्रुत, एक शल्य चिकित्सक के रूप में हमारे सामने आते हैं। अनुमान लगाया जाता है कि चरक-संहिता अपने वर्तमान स्वरूप में पहली शताब्दी ई.पू. से है, हालांकि इससे पहले के संस्करण भी थे। सुश्रुत-संहिता संभवतः ईसा पूर्व की अंतिम शताब्दियों में उत्पन्न हुई थी और 7वीं शताब्दी ई.पू. तक अपने वर्तमान स्वरूप में स्थिर हो गई थी। भारतीय चिकित्सा पद्धति पर बाद का समस्त लेखन इन्हीं के कार्यों पर आधारित रहा है। बाद का काल वह समय है जब आयुर्वेद में कुछ नया नहीं जुड़ता। कोई नया अनुसंधान नहीं होता। सिर्फ संस्कृत के रटे हुए ज्ञान के आधार पर वैद्य अपना रोज़गार चलाते रहे। प्राचीन भारत में स्वतंत्र रूप से विकसित हुए आयुर्वेद में चिकित्सा की मूल अवधारणा केवल उपचार की नहीं थी, बल्कि उसके साथ आहार, जलवायु, अनुभवजन्य और संस्कृति का बहुआयामी संयोजन भी था।

उसमें अलौकिक शक्ति में विश्वास और आस्था का भी महत्वपूर्ण स्थान रहा। आयुर्वेद को आधुनिक युग में चुनौती मिली नित नयी खोजों में जुटे पश्चिम के चिकित्सा विज्ञानियों से, जो भारतीय अनुभवजन्य ऋषि परंपरा, जो अति गोपनीय होती थी, के विपरीत सार्वजनिक रूप से प्रयोगजनित अनुसंधान करते थे। पश्चिमी विज्ञान में प्रयोगों के दावों की पुष्टि उसी क्षेत्र में काम कर रहे अन्य वैज्ञानिक स्वतंत्र रूप से करते हैं। पश्चिम के विज्ञान ने अनुसंधान और खोजों को मान्यता देने की बेहतरीन प्रणाली विकसित की। दुर्भाग्य से आयुर्वेद ऐसे विकास से कटा रह गया। इसीलिए आज एलोपैथी आयुर्वेद पर भारी पडती है। इसी कारण आज राज्य के पहले नागरिक को यह कहना पड रहा है कि भारतीय आयुर्वेद के ज्ञान को युगानुकूल बनाया जाय। इसका मतलब यदि कोई यह निकाले कि आज का आयुर्वेद वर्तमान युग के अनुकूल नहीं है तो वह गलत नहीं होगा।

**आयुर्वेद और आधुनिक चिकित्सा दोनों का स्वास्थ्य सेवा में अपना-अपना स्थान है। एक को दूसरे पर चुनने के बजाय, दोनों प्रणालियों की विशिष्ठताओं को एकीकृत करने से स्वास्थ्य के लिए अधिक संतुलित तथा व्यापक दृष्टिकोण बनाया जा सकता है, जिससे आम नागरिक को दोनों का लाभ मिल सकता है। आयुर्वेद को युगानुकूल बनाने के लिए पहली शर्त है संस्कृत का ज्ञान।**

जब राज्यपाल कहते हैं कि आयुर्वेद को युगानुकूल बनाओ तब लाख टके का सवाल उठ खड़ा होता है कि यह काम कौन करेगा? स्वाभाविक ही यह काम उच्च शिक्षा के उन संस्थानों को करना है जिनकी स्थापना सरकारों ने इतिहास पर गर्व करते हुए की है और कर रही है। हमारे राज्य में आयुर्वेद का न केवल स्वतंत्र विभाग है बल्कि ऐलोपथी के चिकित्सकों के बराबर आयुर्वेद चिकित्सकों को सरकारी सुविधाएं मिली हुई है। अब तक की सभी सरकारों ने राज्य में आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिए काम किये हैं। राज्य में केंद्र सरकार का राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान है, राज्य का आयुर्वेद विश्वविद्यालय है और आयुर्वेदिक कालेज हैं। मगर यह सारा उद्यम आयुर्वेद के नाम पर सरकारी रोज़गार देने भर का हो कर रह गया लगता है। रोज़गार पाने के आकांक्षी, ज्ञान के लिए नहीं बल्कि सुरक्षित सरकारी नौकरी और अच्छी पगार के लिए आते हैं। प्रदेश में जब उच्च शिक्षा के सारे ही संस्थानों के हाल बेहाल हों तब आयुर्वेद के लिए क्या कहा जा सकता है! उच्च शिक्षा के संस्थान कागज की डिग्रियां बांटने के उपक्रम बन कर रह गये हैं। राज्यपाल राज्य का प्रमुख होता है जिसके नाम पर निर्वाचित सरकार काम करती है, साथ ही वह उच्च शिक्षा के संस्थानों अर्थात विश्वविद्यालयों का पदेन कुलपति भी होता है। इसलिए राज्यपाल के इस आव्हान को केवल सलाह नहीं माना जा सकता। प्रदेश की जनता की यह आकांक्षा जायज ही होगी कि जिस तरफ राज्यपाल ने इंगित किया है उस तरफ सरकार क्या कदम उठाती है। यह देखना दिलचस्प होगा कि राज्यपाल की बात पर कान दिया जाता है या नहीं। आम जनता का अनुभव है कि ऐसी लोकलुभावनी आदर्श की बातें होती हैं, बातों का क्या। यदि राज्यपाल के आयुर्वेद को युगानुकूल बनाने के कथन पर अमल होना है तो इसके लिए शासन में बैठे नीति निर्धारकों को कुछ चीजों पर स्पष्ट होना पड़ेगा। उन्हें आयुर्वेद और आधुनिक चिकित्सा के बीच सबसे बुनियादी अंतर और स्वास्थ्य और उपचार के प्रति दोनों के बीच दृष्टिकोण के फ़र्क को भी ठीक से समझना होगा। जब तक, बिना किसी पूर्वाग्रह के और खुले दिमाग के, दोनों के बीच के अंतर को स्पष्ट रूप से नहीं समझा जायेगा तब तक वास्तविक धरातल पर कुछ भी काम नहीं हो सकेगा। केवल भावनाओं में बह जाने और यह कह देने भर से काम नहीं चलेगा कि आयुर्वेद समग्र कल्याण और संतुलन पर जोर देता है, जबकि आधुनिक चिकित्सा मुख्य रूप से बीमारियों और लक्षणों के उपचार से संबंधित है। आयुर्वेद के समर्थक तथा ऐलोपैथी के चिकित्सक एक दूसरे को नीचा दिखाने में जुटे रहते हैं। दोनों में समन्वय की बात कभी नहीं होती। दोनों तरफ की अड़ी बीच में आ जाती है। आयुर्वेद के समर्थकों को विगत पर गर्व है तो आधुनिक चिकित्सा प्रणाली के संचालकों को अपने आज के ज्ञान पर स्वाभाविक अभिमान है। इसके अलावा चिकित्सा पद्धतियों के लोगों के अपने-अपने हित भी जुड़ गये हैं, जो कुछ भी नया नहीं होने देते तथा राजनेता उनके दबाव में रहते हैं।

आयुर्वेदिक उपचार संतुलन को बहाल करने के लिए जड़ी-बूटियों, तेलों और आहार परिवर्तनों जैसे प्राकृतिक उपचारों पर निर्भर करते हैं। इसमें योग और ध्यान जैसे जीवनशैली में बदलाव भी शामिल हैं। दूसरी ओर, आधुनिक चिकित्सा पद्धति स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने के लिए फार्मास्यूटिकल्स, सर्जरी और उन्नत चिकित्सा तकनीकों का उपयोग करती है। ऐसा कहना भी उचित नहीं होगा कि केवल आयुर्वेद ही शरीर को रोगमुक्त रखने की क्षमता रखता है। भले ही आधुनिक चिकित्सा पद्धति बीमारियों के होने के बाद उन्हें ठीक करने पर अधिक ध्यान केंद्रित करती है, किन्तु उसमें भी एक अलग महत्वपूर्ण विषय है 'प्रीवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन' (पीएसएम) जो एमबीबीएस के पाठ्यक्रम का महत्वपूर्ण हिस्सा है। हाल के वर्षों में आधुनिक चिकित्सा में टीके और जांच जैसी निवारक देखभाल अधिक प्रमुख होती जा रही है।

जहां आयुर्वेद व्यक्तिगत उपचार प्रदान करता है, वहीं आधुनिक चिकित्सा, उम्र और लिंग जैसे व्यक्तिगत कारकों को ध्यान में रखती है, तथा नैदानिक दिशानिर्देशों के आधार पर अधिक मानकीकृत उपचार प्रदान करती है। आयुर्वेदिक उपचारों के लिए अक्सर माना जाता है कि उनकी औषधियों के साइड इफेक्ट नहीं होते क्योंकि वे प्राकृतिक जड़ी बूटियों से बनाई जाती है। हालांकि विशेषज्ञों ने उनके भी साइड इफ़ेक्ट बताते हुए आयुर्वेदिक औषधियों के निर्माण के दौरान वातावरण की स्वच्छता पर सवाल उठाये हैं। आधुनिक चिकित्सा, दवाओं की सिंथेटिक प्रकृति के कारण, अक्सर अधिक गंभीर दुष्प्रभावों का जोखिम लेकर आती है, मगर उनके लिए दवा निर्माता कंपनियां चिकित्सकों के ज्ञान को लगातार अद्यतन करती रहती हैं।

दवाओं की पैकिंग पर भी उनका ज़िक्र अनिवार्य होता है। आयुर्वेद और आधुनिक चिकित्सा दोनों का स्वास्थ्य सेवा में अपना-अपना स्थान है। एक को दूसरे पर चुनने के बजाय, दोनों प्रणालियों की विशिष्ठताओं को एकीकृत करने से स्वास्थ्य के लिए अधिक संतुलित तथा व्यापक दृष्टिकोण बनाया जा सकता है, जिससे आम नागरिक को दोनों का लाभ मिल सकता है। आयुर्वेद को युगानुकूल बनाने के लिए पहली शर्त है संस्कृत का ज्ञान। संस्कृत के ज्ञान के बिना आयुर्वेद का केवल ढोल बजाया जा सकता है परिणाम नहीं पाये जा सकते है।

हालांकि चिकित्सा और स्वास्थ्य की बढ़ती समझ के साथ बहुत से लोग अब अच्छे स्वास्थ्य परिणाम प्राप्त करने के लिए आयुर्वेद और आधुनिक चिकित्सा के संयोजन की ओर रुख कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, कोई व्यक्ति तनाव और पाचन की समस्या के समाधान के लिए आयुर्वेदिक सलाह का उपयोग कर सकता है, जबकि संक्रमण या चोट जैसी अधिक गंभीर स्थितियों के लिए आधुनिक चिकित्सा पर निर्भर हो सकता है। यह एकीकृत दृष्टिकोण ही बेहतर रास्ता हो सकता है।

**-अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# माइक्रो-डिग्री और नैनो-डिग्री



**प्रो. अशोक कुमार**

भविष्य में उच्च शिक्षा का स्वरूप बदल रहा है, और इस बदलाव में माइक्रो-डिग्री और नैनो-डिग्री महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। माइक्रो-डिग्री और नैनो-डिग्री उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक नया और रोमांचक विकास हैं। ये छोटे, लक्षित पाठ्यक्रम हैं जो पारंपरिक डिग्री की तुलना में कम समय और धन में विशिष्ट कौशल और ज्ञान प्रदान करते हैं।

**माइक्रो-डिग्री क्या है?**

पारंपरिक डिग्री की तुलना में माइक्रो-डिग्री काफी छोटी अवधि की होती है, आमतौर पर कुछ सप्ताह से लेकर कुछ महीने तक।ये डिग्री किसी विशेष विषय या कौशल पर केंद्रित होती हैं, जैसे डेटा विज्ञान, डिजिटल मार्केटिंग, या प्रोग्रामिंग।माइक्रो-डिग्री ऑनलाइन या ऑन-कैंपस दोनों तरह से उपलब्ध होती हैं, जिससे छात्रों को अपनी सुविधा के अनुसार सीखने का मौका मिलता है।

**नैनो-डिग्री क्या है?**

अधिक छोटी अवधि:नैनो-डिग्री माइक्रो-डिग्री से भी छोटी होती हैं, और आमतौर पर कुछ हफ्तों में पूरी की जा सकती हैं। ये डिग्री किसी विशेष कौशल या टूल पर केंद्रित होती हैं, जैसे कि पायथन प्रोग्रामिंग या सोशल मीडिया मार्केटिंग। नैनो-डिग्री भी ऑनलाइन या ऑन-कैंपस दोनों तरह से उपलब्ध होती हैं, और अक्सर मॉड्यूलर होती हैं, जिससे छात्रों को अपनी जरूरत के अनुसार पाठ्यक्रम चुनने का मौका मिलता है।

**माइक्रो-डिग्री के लोकप्रिय विषय**

माइक्रो-डिग्री विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध होती हैं। कुछ लोकप्रिय विषयों में शामिल हैं: तकनीक:डेटा साइंस। मशीन लर्निंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ,साइबर सिक्योरिटी, क्लाउड कंप्यूटिंग, ब्लॉकचेन, डिजिटल मार्केटिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, यूएक्स/यूआई डिजाइन, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट !

बिजनेस: फाइनेंस, अकाउंटिंग, मार्केटिंग, एंटरप्रेन्योरशिप, लीडरशिप, ह्यूमन रिसोर्स! विज्ञान:डेटा एनालिटिक्स, बायोटेक्नोलॉजी, पर्यावरण विज्ञान! मानविकी: डिजिटल ह्यूमैनिटीज, भाषा विज्ञान, शिक्षा!

**नैनो-डिग्री के लोकप्रिय विषय :**

नैनो-डिग्री और भी अधिक विशिष्ट होती हैं और किसी विशेष कौशल या टूल पर केंद्रित होती हैं। कुछ लोकप्रिय नैनो-डिग्री विषयों में शामिल हैं: प्रोग्रामिंग भाषाएं: पायथन, जावा, रूबी, आदि, डेटा विज्ञान टूल्स: पांडास, नंपाई, साइकिट-लर्न, क्लाउड प्लेटफॉर्म: एडब्ल्यूएस, एज़्योर, गूगल क्लाउड, डीजेन सॉफ्टवेयर: एडोब फोटोशॉप, इलस्ट्रेटर, इनडिजाइन, डिजिटल मार्केटिंग टूल्स: गूगल विज्ञापन, फेसबुक विज्ञापन, एसईओ !

माइक्रो-डिग्री और नैनो-डिग्री में अंतर, प्रदानकर्ता, मान्यता और भविष्य

माइक्रो-डिग्री और नैनो-डिग्री आजकल उच्च शिक्षा के क्षेत्र में काफी चर्चा का विषय हैं। माइक्रो-डिग्री और नैनो-डिग्री में क्या अंतर है?

माइक्रो-डिग्री आमतौर पर कुछ सप्ताह से लेकर कुछ महीने तक की होती है, जबकि नैनो-डिग्री और भी छोटी अवधि की होती है, कभी-कभी केवल कुछ हफ्तों की। माइक्रो-डिग्री किसी विशेष विषय या क्षेत्र पर केंद्रित होती है, जैसे डेटा विज्ञान या डिजिटल मार्केटिंग।

नैनो-डिग्री और भी अधिक विशिष्ट होती है, जैसे कि एक विशेष सॉफ्टवेयर या टूल का उपयोग करना।

माइक्रो-डिग्री में विषय को थोडी गहराई से पढ़ाया जाता है, जबकि नैनो-डिग्री में किसी विशेष कौशल या टूल पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।

माइक्रो-डिग्री और नैनो-डिग्री प्राप्त करना पहले से कहीं अधिक आसान हो गया है। कई ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और संस्थान ये कोर्स प्रदान करते हैं।

माइक्रो-डिग्री और नैनो-डिग्री प्राप्त करने के चरण: सबसे पहले आपको यह तय करना होगा कि आप कौन सा कौशल सीखना चाहते हैं। एक बार जब आप अपने लक्ष्य को निर्धारित कर लेते हैं, तो आप उस विषय पर आधारित माइक्रो-डिग्री या नैनो-डिग्री की खोज कर सकते हैं। एक प्लेटफॉर्म चुनें: कई ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसेकोर्सेरा, ईडीएक्स, उदमी, लिंक्डइन लर्निंग, आदि माइक्रो-डिग्री और नैनो-डिग्री प्रदान करते हैं।

आप अपनी आवश्यकताओं और बजट के अनुसार एक प्लेटफॉर्म चुन सकते हैं। एक बार जब आप एक प्लेटफॉर्म चुन लेते हैं, तो आप अपने लक्ष्य के अनुरूप कोर्स की खोज कर सकते हैं। आप कोर्स के सिलेबस, अवधि, और फीस की तुलना कर सकते हैं। एक बार जब आप एक कोर्स चुन लेते हैं, तो आप नामांकन प्रक्रिया को पूरा कर सकते हैं। आमतौर पर, आपको एक ऑनलाइन फॉर्म भरना होता है और फीस का भुगतान करना होता है।

आप अपने चुने हुए प्लेटफॉर्म पर कोर्स सामग्री का अध्ययन कर सकते हैं। इसमें वीडियो लेक्चर, क्विज, असाइनमेंट और प्रोजेक्ट शामिल हो सकते हैं। कोर्स पूरा करने के बाद, आपको एक सर्टिफिकेट दिया जाएगा। यह सर्टिफिकेट आपके रिज्यूमे में जोड़ने के लिए उपयोगी होगा।

माइक्रो-डिग्री और नैनो-डिग्री प्राप्त करने के लिए कुछ सुझाव: अपने लक्ष्य को स्पष्ट रखें, यह आपको सही कोर्स चुनने में मदद करेगा। विभिन्न प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कोर्सों की तुलना करके आप सबसे अच्छा विकल्प चुन सकते हैं। अन्य छात्रों की समीक्षा पढ़कर आप कोर्स के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। नियमित रूप से अध्ययन करने के लिए एक समय सारणी बनाएं। अन्य छात्रों के साथ जुड़ें: आप ऑनलाइन फोरम या सोशल मीडिया ग्रुप के माध्यम से अन्य छात्रों के साथ जुड़ सकते हैं।

**भारत में माइक्रो-डिग्री और नैनो-डिग्री प्रदान करने वाले कुछ प्रमुख संस्थान:** आईआईटी: भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, आईआईएम: भारतीय प्रबंधन संस्थान, एनपीटीईएल: राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कौरसेरा, ईडीएक्स, उदमी, लिंक्डइन लर्निंग!

कुछ कंपनियां भी अपने कर्मचारियों के लिए माइक्रो-डिग्री और नैनो-डिग्री प्रदान करती हैं। इन डिग्रियों को आमतौर पर विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया जाता है और उनकी मान्यता विश्वविद्यालय की मान्यता पर निर्भर करती है।

ऑनलाइन शिक्षण मंचों द्वारा प्रदान की गई डिग्री की मान्यता मंच और प्रदानकर्ता संस्थान पर निर्भर करती है। कॉर्पोरेट प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा प्रदान की गई डिग्री की मान्यता कंपनी के आंतरिक मानकों पर निर्भर करती है।

**इन डिग्रियों का भविष्य क्या है?**

बदलते कार्य वातावरण में विशिष्ट कौशल की मांग बढ़ रही है, जिससे माइक्रो-डिग्री और नैनो-डिग्री की मांग भी बढ़ रही है। ये डिग्री छात्रों को अपनी गति से और अपनी सुविधानुसार सीखने का मौका देती हैं। पारंपरिक डिग्री की तुलना में ये डिग्री अधिक किफायती होती हैं। ये डिग्री छात्रों को विशिष्ट कौशल प्रदान करती हैं जो उन्हें नौकरी बाजार में प्रतिस्पर्धी बनाती हैं।

**माइक्रो-डिग्री और नैनो-डिग्री के फायदे**

छात्र अपनी गति से और अपनी सुविधानुसार सीख सकते हैं। पारंपरिक डिग्री की तुलना में ये डिग्री अधिक किफायती होती हैं। ये डिग्री छात्रों को विशिष्ट कौशल प्रदान करती हैं जो उन्हें नौकरी बाजार में प्रतिस्पर्धी बनाती हैं। ये डिग्री छात्रों को अपने करियर के दौरान नए कौशल सीखने और अपने ज्ञान को अपडेट करने का मौका देती हैं।

**माइक्रो-डिग्री और नैनो-डिग्री के उपयोग**

जो लोग अपना करियर बदलना चाहते हैं, उनके लिए ये डिग्री बहुत उपयोगी होती हैं। जो लोग अपने मौजूदा कौशल को बढ़ाना चाहते हैं, उनके लिए ये डिग्री मददगार होती हैं। जो लोग अपना खुद का व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं, उनके लिए ये डिग्री आवश्यक कौशल प्रदान करती हैं। संक्षेप मेंमाइक्रो-डिग्री और नैनो-डिग्री उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक नया और रोमांचक विकास हैं। ये डिग्री छात्रों को अधिक लचीलापन, किफायतीता और विशिष्ट कौशल प्रदान करती हैं। भविष्य में, इन डिग्रियों की मांग और अधिक बढ़ने की उम्मीद है।

**-प्रो. अशोक कुमार,**
**पूर्व कुलपति कानपुर,**
**गोरखपुर विश्वविद्यालय,**
**विभागाध्यक्ष राजस्थान विश्वविद्यालय**

# पुस्तक समीक्षा : सृष्टि के कण-कण में चित्त का रमण

कवि और लेखक दशरथ कुमार सोलंकी का ललित निबंध संग्रह कण-कण विचरण वस्तुतः सृष्टि के कण-कण में निबंधकार के चित्त का रमण है। कविता के वर्तमान दौर में अपने निजी काव्य मुहावरे के कारण अत्यधिक चर्चित और प्रशंसित चार कविता संग्रहों के बाद युवा कवि और लेखक दशरथ कुमार सोलंकी की हाल ही में गद्य कृति : कण-कण विचरण (ललित निबंध संग्रह) का पाठक समुदाय के लिए मंज़रे आम पर आना सुखद अहसास से कम नहीं है। दशरथ सोलंकी प्रेम, प्रकृति, संस्कृति और लोक जीवन के चितेरे रचनाकार हैं। वे सृष्टि के कण-कण से प्रेम करते हैं। चाहे वह रजकण हो अथवा जलकण। वायु कण हो अथवा अग्निकण। फूलों के परागकण से तो उन्हें सर्वाधिक लगाव है। इसलिए कण-कण में रमण उनके स्वभाव का हिस्सा कहा जा सकता है।

यह रमणभाव विचरण, भ्रमण और परिक्रमण आदि से बहुत आगे की चीज़ है। जहाँ चीज़ों को पर्यटक की नज़र से नहीं, बल्कि निकट संबंधी की दृष्टि से देखा जाता है। मन की आँखों से परखा जाता है। ललित निबंध के रचाव का बीजवपन इसी रमणीयता की कोख में होता है। यही रमणीयता, लालित्यबोध, रसिकता, सघन संवेदनशीलता, भाषिक मिठास, शाब्दिक शिल्प -विन्यास और उपेक्षित के प्रति अपनत्व की मनोभूमि का अहसास निबंधकार दशरथ सोलंकी के ललित निबंधों की खूबियां कही जा सकती हैं। दशरथ कुमार सोलंकी राजस्थान राज्य के जालोर जिले की सूकड़ी नदी के किनारे बसे गाँव तिलोड़ा से आते हैं और संप्रति जोधपुर शहर में बस जाते हैं। दशरथ को पानी और रेत से विशेष हेत है। इनके ललित निबंध-संग्रह के अधिसंख्य निबंध जलकण और रजकण के आख्यान हैं। कालिंदी की प्रतीक्षा, लोक कानाजी और जल, गाँव का कुआँ, गाँव-गमन, कहाँ से आए बदरा और दादी का राग मेघ मल्हार आदि ललित निबंध इसके प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। मेरी नज़र में ललित निबंध लेखन गद्य साहित्य की सर्वाधिक कठिन विधा है। ललित निबंध को गद्य लेखन की कसौटी कहा जा सकता है।

सन् 1940 से लगाकर आजतक यदि ललित निबंध लेखकों की पड़ताल की जाय तो कुल मिलाकर निराशा ही हाथ लगेगी। गिनी चुनी संख्या से आगे बढ़त नज़र नहीं आती, मसलन आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी (कुटज, अशोक के फूल), विद्यानिवास मिश्र (मेरे राम का मुकुट भीग रहा है, तुम चंदन हम पानी), कुबेरनाथ राय (प्रिय नीलकंठी, आगम की नाव), विवेकी राय ( गंवई गंध गुलाब, जुलूस रुका है), अष्टभुजा शुक्ल (पानी पर पटकथा, सूरज डूब गया), श्रीराम परिहार (आंच अलाव की, झरते फूल हरसिंगार के) आदि से आगे बढ़त अत्यंत अल्प है। ऐसी स्थिति में कवि दशरथ कुमार सोलंकी का ललित निबंध के क्षेत्र में आगमन बहुत बड़ी आश्वस्ति कही जा सकती है। दशरथजी का लालित्यबोध देखते ही बनता है। बतौर बानगी कालंदी की प्रतीक्षा शीर्षक निबंध का यह अंश देखिए :

'उसकी जल-देह में रोज़ परछाई उभरती है कृष्ण की.. वह अपने अनुरागी अश्रुकण से उन्हें नहलाती है...और फिर बहने लगती है, कुछ पानी तो कुछ अश्रुकण लिए। उसे पता है कृष्ण की प्रतीक्षा व्यर्थ है, पर अब वह इस प्रतीक्षा पर विराम के लिए अपने जीवन की पूर्णता हेतु प्रतीक्षारत है।




इसी प्रकार कण-कण विचरण शीर्षक ललित निबंध में दशरथ सोलंकी लिखते हैं :

मैं रेगिस्तान के धोरों पर मांडना चाहता हूँ अपने पैरों के निशान। जीवन की क्षणभंगुरता को उन निशानों से आत्मसात करना चाहता हूँ, भला रेत पर कौनसे निशान अमिट रहे हैं ,सिर्फ़ उद्यमी मानव की जिजीविषा के अलावा। पेड़ के साथ बीते पल मेरी ज़िंदगी के हासिल हैं। धीरे-धीरे यूँ हुआ कि मेरा हर चिंतन पेड़ की ओर उन्मुख हुआ। पेड़ अंतस् में उग आया, या अंतस् ही पेड़ बन गया।

हक़ीक़त तो यह है कि दशरथ सोलंकी के ललित निबंध उनकी अंतर्यात्राएँ हैं। उनके मन-दर्पण हैं। आत्म साक्षत्कार हैं। मौन-मुखर हृदय संवाद हैं। अंतःचक्षु से सृष्टि को देखने-परखने के उपक्रम हैं। यदि आज की तकनीकी सोशल मीडिया की भाषा में कहूँ तो दशरथ कुमार सोलंकी के कण-कण विचरण के ये इक्यावन ललित निबंध उनके मानवीय व्यक्तित्व की सेल्फ़ियाँ हैं। एक निबंध में वे शब्द की कविता के साथ कर्म की कविता की बात करते हैं। खेत में किसान हल की कलम से धरती के कागज़ पर फसल की कविता ही तो लिखता है। सोलंकी जी पेड़ों की पत्तियों से उदासी का सबब पूछते हैं। उपेक्षित बोरड़ी से बतियाते हैं। सूखे कुएँ की पीड़ा को मांडते हैं। दादी और माँ के अकूत स्नेह और आशीष का स्मरण करते हैं। ग्राम्यजीवन की आत्मीय पगडंडियों, पशु पक्षियों, बाल सखाओं, परंपराओं, तीज त्योहारों और गुरुजन-परिजन को हमेशा स्मृतियों में जीवित रखते हैं। वे पेड़ के रूप में ही पुनर्जन्म के आकांक्षी हैं।

अपने संग्रह का समर्पण वे पेड़ ही के नाम करते हुए लिखते हैं :-

**पेड़ को, जो मेरा साथ कभी नहीं छोड़ता**


**और जो, धरती के बाद मेरी आत्मा पर उग आया है।**

इस प्रकार प्रेम पगे, रस भीगे, धनक रंगे, संबंधों की डोर बंधे दशरथ कुमार सोलंकी के ललित निबंध पाठक के दिल और दिमाग़ को एक साथ झंकृत करने में समर्थ हैं। संस्कृतनिष्ठ भाषा के साथ लोक की बोली-बानी की मिठास इन निबंधों और अधिक ग्राह्य बनाती है।

उदाहरण के लिए प्रकल्प, कल्प, विकल्प, सप्तपर्णी, शैल, सरिता जैसे शब्दों के संग लुळलुळ, रड़क, मुळक, मांडना, करमठोक, दिनूँगे जैसे शब्दों की संगति मन को गहरे स्तर पर आकृष्ट करती है। अलावा इसके मेह के नेह में, देह की देहरी पर, दुःख के शैल-सुख की सरिता जैसी लयात्मक भाषा और अलंकार, बिम्ब, प्रतीक, मिथक और शब्दशक्ति का प्रयोग भी निबंधों में देखते ही बनता है। सच मानिए, कण-कण विचरण के ललित निबंधों को पढ़कर हृदय राघव और मन माधव हो गया। अंत में दशरथ कुमार सोलंकी के इसी पथ पर रचनात्मक उत्कर्ष की कामना करते हुए अपनी लेखनी को यहीं विराम देता हूँ।

**- डॉ. रमाकांत शर्मा**

## राशिफल बुधवार 11 दिसम्बर, 2024



**पंडित अनिल शर्मा**

मार्गशीर्ष मास, शुक्ल पक्ष, एकादशी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2081, रेवती नक्षत्र दिन 11:48 तक, वारियान योग दिन 6:47 तक, वणिज करण दिन 2:26 तक, चन्द्रमा दिन 11:48 से मेष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-वृश्चिक, चन्द्रमा-मीन, मंगल-कर्क, बुध-वृश्चिक, गुरू-वृष, शुक्र-मकर, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।


आज रवियोग दिन 11:48 से आरम्भ होगा। कुमार योग दिन 11:48 से रात्रि 1:10 तक है। आज भद्रा दिन 2:26 से रात्रि 1:10 तक रहेगी। आज मोक्षदा एकादशी व्रत, गीता जयन्ती, मोनी एकादशी (जैन) है। पंचक दिन 11:48 पर समाप्त होंगे।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:45 तक, शुभ 11:02 से 12:20 तक, चर 2:55 से 4:13 तक, लाभ 4:13 से सूर्यास्त तक।


**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 7:10, सूर्यास्त 5:30

### मेष



घर-परिवार के खर्चों पर नियंत्रण रखें। परिवार में वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक व्क्गित परेशानियां दूर होने लगेगी।

### वृष


अपने अति आवश्यक आर्थिक/वित्तीय मामलों को दिन के मध्यान्ह पूर्व में करने का प्रयास करें। दिन के मध्यान्ह पश्चात में समय अनर्गल कार्यों में खराब होगा। घर-गृहस्थी के खर्चों में वृद्धि होगी।

### मिथुन



व्यावसायिक कार्यों में आ रही परेशानियां दूर होने लगेगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। दिन के मध्यान्ह पश्चात आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

### कर्क



नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। दिन के मध्यान्ह पश्चात व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें।

### सिंह



चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

### कन्या


अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। दिन के मध्यान्ह पश्चात अष्टम चन्द्रमा शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात यात्रा शुभ नहीं है।

### तुला



विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### वृश्चिक



व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### धनु



घर-परिवार में अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है।

### मकर


व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिल सकती है। अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।

### कुंभ


आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

### मीन


अपने कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। दिन के मध्यान्ह पश्चात आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू


epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBIT



The One Great Mistake in Einstein's Life

"When a real and final catastrophe should befall us in Palestine, the first responsible would be the British and the second, the Terrorist organizations build up from our own ranks."- Einstein

Working Class Life in Ancient Rome




*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रवासी राजस्थानी कॉन्क्लेव का दीप जलाकर शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा, 10 दिसंबर को हर वर्ष प्रवासी राजस्थानी दिवस के रूप में मनाया जाएगा।*

# मुख्यमंत्री ने प्रवासी राजस्थानियों को आकर्षित करने के लिये विशेष प्रयत्न किये

## हर जिले में प्रवासी परिवार की किसी भी समस्या के लिये सिंगल पॉइंट कॉन्टैक्ट बनेगा

- **प्रवासी राजस्थानी कॉनक्लेव में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हर वर्ष प्रवासी राजस्थानी दिवस मनाने तथा विशेष विभाग सृजित करने की घोषणा की।**
- **अनेक देशों और प्रदेशों से आये प्रवासी राजस्थानियों ने राज्य के विकास में भागीदार बनने की इच्छा जतायी।**

जयपुर, 10 दिसम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राइज़िंग राजस्थान समिट के तहत प्रवासी राजस्थानी कॉन्क्लेव में कहा कि देश दुनिया में प्रवासी राजस्थानियों की मेहनत, कर्मठता और लगन से राजस्थान गौरवान्वित हुआ है। उन्होंने कहा, "हमारी सरकार ने यह निर्णय लिया है कि प्रवासी राजस्थानियों के हितों को ध्यान में रखते हुए उनके लिए एक विशेष विभाग बनाया जाएगा। साथ ही, 10 दिसंबर को हर वर्ष प्रवासी राजस्थानी दिवस के रूप में मनाया जाएगा।" उन्होंने कहा कि सरकार ने राज्य में पहली बार हर साल प्रवासी राजस्थानी सम्मान देने का निर्णय लिया है। प्रवासी राजस्थानियों के परिवारों को किसी तरह की समस्या आती है, तो इसके लिए हर जिले में सिंगल पॉइंट कॉन्टैक्ट बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने राजस्थान में अपार

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# हाईकोर्ट ने शिक्षक भर्ती के परिणाम से रोक हटाई

- **अदालत ने विशेषज्ञ कमेटी की रिपोर्ट पर संशोधित परिणाम जारी करने के निर्देश दिये। आदेश में यह भी कहा गया है कि नियुक्त हो चुके शिक्षक संशोधित परिणाम से प्रभावित नहीं होंगे।**

जयपुर, 10 दिसंबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने साल 2022 की तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती लेवल-2 के विवादित प्रश्नों से जुड़े मामले में संशोधित परिणाम जारी करने पर लगी अपनी रोक को हटा लिया है। इसके साथ ही, अदालत ने कहा कि पूर्व में नियुक्त हो चुके शिक्षक संशोधित परिणाम से प्रभावित नहीं होंगे। मुख्य न्यायाधीश एम.एम. श्रीवास्तव और जस्टिस आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश सरिता कुमारी व कन्हैयालाल सहित अन्य की ओर से दायर अपील पर सुनवाई करते हुए दिए। खंडपीठ ने गत 14 नवंबर को विवादित प्रश्नों की विशेषज्ञ कमेटी से जांच कर उसके आधार पर संशोधित परिणाम जारी करने के संबंध में एकलपीठ की ओर से दिए आदेश पर रोक लगा दी थी।

अपील में अधिवक्ता हिमांशु जैन ने अदालत को बताया कि एकलपीठ ने 6 दिसंबर, 2023 को भर्ती में कुछ विवादित प्रश्नों से जुड़ी याचिका पर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यादव को सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस दिया

## यादव को यह नोटिस मुसलमानों के खिलाफ दिए गए विद्वेषपूर्ण भाषण के लिए दिया गया है

- **जस्टिस यादव ने विश्व हिंदू परिषद द्वारा युनिफॉर्म सिविल कोड पर आयोजित कार्यक्रम में जमकर साम्प्रदायिक विद्वेष फैलाने वाली बयान बाजी की थी।**
- **"कैम्पेन फॉर जुडीशियल अकाउन्टबिलिटी एण्ड जुडीशियल रिफॉर्म्स" ने इस बारे में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को चिट्ठी लिख कर शिकायत की थी।**
- **विशेषज्ञों ने भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट के न्यायाधीशों को सार्वजनिक या निजी जीवन में ऐसी टिप्पणियां करने से बचना चाहिए। विशेषज्ञों के अनुसार, जस्टिस यादव अपने भाषण में "रैड लाइन" पार कर गए।**

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 दिसम्बर। मुसलमानों को निशाना बनाने वाला भाषण देने के लिए सुप्रीम कोर्ट जस्टिस शेखर कुमार यादव के विरुद्ध क्या एक्शन ले सकता है ?

"यूनिफॉर्म सिविल कोडः अ कॉन्स्टि्यूशनल नैससिटी" विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम में भाषण देते हुए यादव ने जोर देकर कहा था कि, भारत में देश बहुसंख्यकों की इच्छानुसार चलेगा।

विश्व हिन्दू परिषद द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में जस्टिस यादव ने कहा कि "राम लला को स्वतंत्र देखने के लिए और अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए हमारे पूर्वजों ने बहुत "त्याग" किए हैं। जस्टिस यादव ने अपने भाषण में "कठमुल्ला" शब्द का उपयोग भी किया और कहा कि मुस्लिम बच्चों से दया और सहिष्णुता दिखाने की उम्मीद नहीं की जा सकती, क्योंकि, वो बहुत कम उम्र से जानवरों को कटते देखते है।

इस सम्बंध में मीडिया रिपोर्ट्स का नोटिस लेते हुये, सर्वोच्च न्यायालय ने मंगलवार को न्यायमूर्ति यादव को नोटिस जारी कर दिया है ताकि यह पता चल सके कि क्या उन्होंने "द्वेषपूर्ण भाषण" देकर संविधान के अनुच्छेद 14, 21, 25 तथा 26 का उल्लंघन किया है।

यह मामला "कैम्पेन फॉर जुडिशियल अकाउन्टेबिलिटी एंड जुडिशियल रिफॉर्म्स" (सी.जे.ए.आर.) ने भारत के मुख्य न्यायाधीश को एक पत्र लिखकर उठाया था। पत्र में कहा गया है कि न्यायमूर्ति यादव द्वारा मुस्लिम समुदाय के खिलाफ प्रयुक्त भाषा तथा भाषण की विषय वस्तु न्यायिक अनौचित्य (जुडिशियल इम्प्रॉपराइटी) के बराबर है। विश्लेषकों तथा विशेषज्ञों का मानना है कि सर्वोच्च न्यायालय तथा उच्च न्यायालय के किसी भी जज को सार्वजनिक तथा निजी रुप से ऐसी कोई भी टिप्पणी करने से बचना चाहिये जो इस अवधारणा की विश्वसनीयता का क्षरण करे कि न्याय केवल किया ही नहीं जाये, किया जाता हुआ दिखाई भी देना चाहिये।

विश्लेषकों का यह भी मानना है कि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# धनखड़ के "डिफैन्स" में रिजीजू को उतारा केन्द्र सरकार ने

- **रिजीजू ने नोटिस पर हस्ताक्षर करने वाले विपक्षी सदस्यों की निंदा की और कहा, विपक्ष ने राज्यसभा व सभापति की गरिमा का अनादर किया है।**
- **रिजीजू ने कहा, साधारण पृष्ठभूमि से आए धनखड़ बेहद प्रोफैशनल एवं निष्पक्ष हैं, हम राज्यसभा में उनके काम से बेहद खुश हैं।**

- डॉ. सतीश मिश्रा -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 10 दिसंबर। जैसा कि अपेक्षित था, मोदी-शाह द्वय ने आज, राज्यसभा चेयरमैन जगदीप धनखड़ पर इण्डिया ब्लॉक द्वारा लगाए गए पक्षपात के आरोपों को डिफैन्ड करने के लिए संसदीय मंत्री किरण रिजीजू को मैदान में उतारा। इंडिया ब्लॉक ने एक नोटिस देकर उपराष्ट्रपति को हटाने की मांग की है।

विपक्ष के इस कदम को "अति खेदजनक" बताते हुए, रिजीजू ने, उपराष्ट्रपति, जो राज्यसभा चैयरमैन भी हैं, की प्रशंसा की और कहा कि वे अत्यधिक प्रोफेशनल एवं निष्पक्ष व्यक्ति हैं। मीडिया को संबोधित करते हुए, रिजीजू ने यह कहते हुए विपक्ष की आलोचना की कि वो राज्यसभा में और लोकसभा में आमजन का अनादर करते हैं। ए.एन.आई. के अनुसार रिजीजू ने कहा, "विपक्ष, आमजन की गरिमा का अनादर करता है, चाहे वो राज्यसभा हो या लोकसभा - - - कांग्रेस पार्टी तथा उनका गठबंधन ने आमजन के निर्देशों को नहीं मानकर लगातार अनुचित व्यवहार किया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जी सादा पृष्ठभूमि के हैं। वो हमेशा संसद में तथा संसद के बाहर किसानों तथा लोगों के कल्याण की बात करते हैं। वो हमारा मार्गदर्शन करते हैं। हम उनका आदर करते हैं।"

संसदीय मामलात मंत्री ने कहा, "नोटिस दिया गया है मैं उन 60 सांसदों के कदम की निंदा करता हूं जिन्होंने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# हाईकोर्ट बार चुनाव में एक दर्जन महिला अधिवक्ता मैदान में

- **इस बार अन्य पदों के साथ अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद पर महिला अधिवक्ता चुनाव लड़ रही हैं।**

जयपुर, 10 दिसंबर। राजस्थान हाईकोर्ट सहित प्रदेश की करीब 230 बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव 13 दिसंबर को आयोजित किए जाएंगे। फिलहाल बार एसोसिएशन में चुनाव प्रक्रिया चल रही है और प्रत्याशी वकीलों से अपने पक्ष में मत देने की गुहार कर रहे हैं। राजस्थान हाईकोर्ट बार एसोसिएशन में नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के नाम तय हो गए हैं। इस बार हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# धनखड़ के खिलाफ राज्यसभा में अविश्वास प्रस्ताव पेश

## इंडिया गठबंधन ने संविधान के आर्टिकल 67 (बी) के तहत प्रस्ताव पेश किया है

- **यह आर्टिकल कहता है कि राज्यसभा में बहुमत और लोकसभा की सहमति से राज्यसभा के सभापति, अर्थात् उपराष्ट्रपति को हटाया जा सकता है।**
- **पर इसमें एक पेंच है, कि नियमानुसार ऐसे प्रस्ताव के लिए 14 दिन का नोटिस अनिवार्य होता, पर राज्यसभा के सिर्फ 8 कार्यदिवस ही बचे हैं।**
- **असल में विपक्ष भी यह बात जानता है कि अविश्वास प्रस्ताव पारित नहीं हो पाएगा, पर विपक्ष का लक्ष्य इसे एक राजनैतिक मुद्दा बनाने का है।**

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 दिसम्बर। मोदी के शासनकाल में संवैधानिक प्रमुखों की भूमिका को उजागर करने की कोशिश के अन्तर्गत, कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया ब्लॉक ने आज उपराष्ट्रपति तथा राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को हटाने के लिये एक प्रस्ताव पेश किया, जिसमें उन पर आरोप लगाया गया है कि वे राज्यसभा का संचालन करते समय पक्षपात से काम लेते हैं।

राज्य सभा के महासचिव को पेश किये गये इस प्रस्ताव पर पूरे इंडिया ब्लॉक के 16 विपक्षी दलों के हस्ताक्षर हैं।

कांग्रेस सूत्रों ने कहा कि यह प्रस्ताव संविधान के अनुच्छेद 67 (बी) के तहत ड्राफ्ट किया गया है, हस्ताक्षरित किया गया है तथा पेश किया गया है। यह अनुच्छेद कहता है कि उपराष्ट्रपति को, राज्यसभा के प्रभावी बहुमत से पारित प्रस्ताव, जिस पर लोकसभा के सामान्य बहुमत की सहमति हो, द्वारा हटाया जा सकता है।

उपसभापति को दिये गये इस प्रकार के प्रस्ताव पर राज्यसभा के 50 सांसदों के हस्ताक्षर जरुरी हैं।

लेकिन इसमें एक चुनौती भी है। नियमों के अन्तर्गत, उपराष्ट्रपति को हटाने के लिये प्रस्ताव पेश करने के लिये 14 दिन का नोटिस दिया जाना अनिवार्य है।

जहाँ, इस प्रकार का प्रस्ताव लाने के लिये 14 दिन का नोटिस जरुरी है, वहीं, 20 दिसम्बर को समाप्त हो रहे शीतकालीन सत्र में केवल 8 कार्य दिवस बचे हैं।

चूँकि इससे पहले आजतक उपराष्ट्रपति को हटाने के प्रस्ताव की कोई नजीर नहीं है, इसलिये 14 दिन के नोटिस का प्रश्न व्याख्या के लिये खुला हुआ है तथा सम्बंधित निर्णय उपसभापति को ही लेना है,जो विपक्ष के इस प्रस्ताव पर अपना फैसला देंगे।

विपक्ष के सूत्रों का कहना है कि नोटिस इस तकनीकी आधार पर अस्वीकार किया जा सकता है कि शीतकालीन सत्र 14 दिन नहीं चलना है, लेकिन यह दलील दी जा चुकी है कि अगले सत्र की गणना की जा सकती है तथा प्रस्ताव बाद में लिया जा सकता है।

धनखड़ के खिलाफ इसी प्रकार के कदम की योजना अगस्त में भी बनी थी, लेकिन वह क्रियान्वित नहीं हो सकी थी।

इस समय, हाल ही में हुये उपचुनावों के बाद, राज्यसभा में कुल 234 सांसद हैं। भाजपा के 96 सांसद तथा सत्तारुढ़ एन.डी.ए. के 112 सांसद हैं। 6 मनोनीत सांसद है, जो मतदान की स्थिति में सरकार के साथ होंगे तथा इस प्रकार, एन.डी.ए. का संख्याबल 118 हो जायेगा तथा 116 के सामान्य बहुमत से 2 अधिक है।

राज्यसभा में कांग्रेस के 27 तथा समूचे विपक्ष के 85 सांसद हैं।

इस प्रकार, विपक्ष के पास उपराष्ट्रपति विरोधी प्रस्ताव को आगे बढ़ाने के लिये यथेष्ट संख्याबल नहीं है, लेकिन विपक्ष इसे एक राजनैतिक मुद्दा बनाना चाहता है, क्योंकि धनखड़ ने भाजपा अध्यक्ष तथा राज्यसभा के नेता जे.पी. नड्डा को, जॉर्ज सोरोस के साथ कथित सम्बंधों को लेकर, कांग्रेस पर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राहुल-प्रियंका से मिले संभल के पीड़ित

- **यह मुलाकात सोनिया गांधी के आवास दस, जनपथ पर हुई।**

नयी दिल्ली, 10 दिसम्बर। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को यहां उत्तर प्रदेश के संभल के पीड़ितों के साथ मुलाकात की।

कांग्रेस सूत्रों के अनुसार, यह मुलाकात कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी के आवास 10 जनपथ में आयोजित की गई थी। बताया गया है कि बैठक में गांधी तथा वाड्रा के साथ पीड़ितों ने अपनी पीड़ा साझा की है और यह भी बताया कि हिंसा के दौरान उनकी क्या स्थिति थी।

संभल में हिंसा के दौरान गोलीबारी हुई थी, जिसमें कहा गया है कि इसमें

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# क्या आर.बी.आई. के नए गवर्नर सरकार की बात मानकर ब्याज दर में कटौती करेंगे

## चर्चा है कि आर.बी.आई. गवर्नर पर वित्त मंत्रालय का भारी दबाव है, ब्याज दर में कटौती के लिए

- **5 से 7 फरवरी को होने वाली, आर.बी.आई. की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की बैठक में ब्याज दर में कटौती की घोषणा होने की संभावना है।**
- **विशेषज्ञों ने 2025 के मध्य तक 100 बेसिस पॉइन्ट कटौती की भविष्यवाणी की है, जिससे रैपो रेट घट कर 5.5 प्रतिशत रह जाएगी।**
- **विशेषज्ञ कई कारणों से रेट कट का समर्थन कर रहे हैं, जिसमें प्रमुख है, जी.डी.पी. की ग्रोथ रेट में कमी आना, और इनफ्लेशन का आर.बी.आई. की उच्चतर सीमा को पार कर देना।**

- सुकुमार साह -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 10 दिसंबर। रिज़र्व बैंक के नए गवर्नर ने पद संभाल लिया है और चर्चा है कि वे ब्याज दर में कटौती कर सकते हैं। चर्चा है कि वित्त मंत्रालय से ग्रोथ समर्थन देने के लिए रेट कट का भारी दबाव है।

विशेषज्ञों में चर्चा है कि मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की अगली बैठक में ब्याज दर में कटौती की संभावना है, बहुत ज्यादा नहीं बल्कि मध्यम दर्जे की लगभग 20-30 प्रतिशत तक। आर. बी. आई. की एम. पी. सी. की अगली बैठक 5 से 7 फरवरी को होगी। बैठक की समाप्ति पर ब्याज दर में कटौती और उससे मौद्रिक नीति के फैसले किए जाएंगे।

हालांकि नोमूरा सिक्यूरिटीज़ (एक फर्म) ने भरोसा जताया कि आर. बी. आई. जल्दी ही ब्याज दर में कटौती करेगी इकोनॉमिक ग्रोथ धीमी हो रही है और इन्फ्लेशन भी नरम है। फर्म का कहना है कि आने वाले वर्ष के मध्य तक ब्याज दर में 100 बेसिस पॉइन्ट (एक प्रतिशत) तक कटौती हो सकती है। इससे वर्ष के मध्य तक टैपोरेट 5.50 प्रतिशत की कमी हो जाएगी। कई कारक है जो रेट कट का समर्थन कर रहे हैं। भारत की जी.डी.पी. ग्रोथ धीमी हो गई है। नोमुरा का अनुमान है कि वित्त वर्ष 25 के ग्रोथ 6.7 प्रतिशत रहेगी जो कि पूर्व के अनुमानों से कम है। निजी क्षेत्र की कमजोर मांग और धीमी क्रेडिट ग्रोथ से आर.बी.आई. को उदार रूख अपनाना पड़ सकता है।

हालांकि इन्फ्लेशन ने हाल ही में आर.बी.आई. की उच्चतर सीमा 6 प्रतिशत को भी पार कर लिया, कोर इन्फ्लेशन अभी भी नरम है। फूड इन्फ्लेशन जो महंगाई बढ़ने का प्रमुख कारक है में कमी आने के संकेत मिल रहे हैं। कई केन्द्रीय बैंक जिनमें अमेरिका का फैडरल रिज़र्व भी शामिल है ब्याज दर में वृद्धि को खत्म करने का संकेत दे रहे हैं। यह अंतर्राष्ट्रीय रुझान आर.बी.आई. को भी प्रभावित कर सकता है।

जो विशेषज्ञ आशावादी नहीं है, उनका कहना है कि यद्यपि खाद्य पदार्थों के दाम स्थिर हैं, पर आर.बी.आई. इन्फ्लेशन को इसके 4 प्रतिशत के टारगैट का लक्ष्य पाने तक इंतजार कर सकता है। वे कहते हैं कि रेट कट से भारतीय रुपया और कमजोर होगा और पूंजी बाहर जाने और आयात महंगा होने की संभावना बढ़ जाएगी।

अधिकांश विश्लेषक उम्मीद करते हैं कि आर.बी.आई. अभी सतर्कता बरतेगा। नोमूरर कि विश्लेषकों का सुझाव है कि केन्द्रीय बैंक देर सवेर अपने फोकर ग्रोथ को स्थिर करने पर केन्द्रित कर सकता है। नोमूरर के अर्थशास्त्री कहते हैं कि, हमें यकीन है कि भारतीय मौद्रिक नीति चक्र में एक परिवर्तन आने ही वाला है जो काफी महत्वपूर्ण होगा।

शुक्रवार को जारी डेटा बताते हैं कि भारत की जी.डी.पी. की ग्रोथ रेट 6.7 प्रतिशत के अनुमान से कम है। राष्ट्रीय चुनावों में खर्च से जी.डी.पी. की ग्रोथ रेट घटी है।

इस डेटा के आधार पर नोमुरा ने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# उपभोक्ता आयोग ने मेक माई ट्रिप पर 61 हजार रु. का हर्जाना लगाया

- **परिवादी ने मेक माई ट्रिप से होटल ली मेरिडियन में कमरे बुक कराये। होटल पहुंचने पर होटल प्रबन्धन ने बुकिंग से इंकार किया।**

जयपुर, 10 दिसंबर। जिला उपभोक्ता आयोग, जयपुर-तृतीय ने बुकिंग राशि लेने के बावजूद, होटल में नहीं रुकवाने को गंभीर सेवा दोष करार देते हुए बुकिंग एजेंसी मेक माई ट्रिप इंडिया प्रा.लि. पर 61 हजार रुपए हर्जाना लगाया है। वहीं, जमा करवाई गई बुकिंग राशि 46,774 रुपए भी 6 दिसंबर 2019 से 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित देने का निर्देश दिया है। आयोग के अध्यक्ष देवेन्द्र मोहन माथुर व सदस्य सीमा शर्मा ने ये आदेश विवेक अग्रवाल के परिवाद पर दिए।

परिवाद में कहा कि उसने अपनी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# प्रवासी राजस्थानियों पर राजस्थान का हक, वे यहां निवेश कर राजस्थान के विकास में सहभागी बनें : हरिभाऊ बागडे

## सब मिलकर राजस्थान को हिंदुस्तान का नंबर 1 प्रदेश बनाने का संकल्प लें : ओम माथुर

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि राजस्थानी जहां जहां जाकर बसे हैं वहां की अर्थव्यवथा में सुधार किया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में आठ करोड़ की जनसंख्या बताई जा रही है। इसके अलावा भी दो ढाई करोड़ बाहर प्रवास करते हैं। इन सबको मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा हक से बुलाकर राजस्थान में निवेश के लिए आमंत्रित करें। उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों पर राजस्थान का अधिकार है। वे यहां आएं और मातृभूमि का ऋण चुकाने के लिए निवेश करें। उन्होंने कहा कि हमारे महाराष्ट्र में कहावत है, जहां न पहुंचे बैलगाड़ी वहां पहुंचे मारवाड़ी। राजस्थानी जहां गए हैं वहां अच्छा कार्य किया। लगन और परिश्रम से अपना स्थान बनाया है।

बागडे मंगलवार को राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट की प्रवासी राजस्थानी कॉन्क्लेव में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों ने देशभर की अर्थव्यवथा में महती भूमिका निभाई हैं। अब समय राजस्थान को विकसित करने का है।

राज्यपाल ने कहा कि दुग्ध क्षेत्र में राजस्थान अग्रणी है। इस क्षेत्र में और विकास की आवश्यकता है। उन्होंने राजस्थान में निवेश करने बालों को विश्वास दिलाया कि यहां आएंगे तो राज्य सरकार हर संभव सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बारिश के पानी को रोके जाने पर अधिक से अधिक कार्य हो। इस समय प्रदेश में एक ही फसल ली जाती है। बारिश के पानी को सहेज कर प्रयास करें कि दो फसल यहां हो।

राज्यपाल ने आव्हान किया कि आदिवासी क्षेत्रों में लोगों को काम दें। पिछड़े क्षेत्रों में कारखाने खोले और गरीब, किसान और घुमंतुओं की आर्थिक स्थिति में सुधार में प्रवासी भागीदारी बने। उन्होंने कहा कि राजस्थान में गौ धन संरक्षण के लिए अच्छा कार्य होता है। गौशालाओं में गायों के लिए किए जा रहे कार्यों की भी उन्होंने सराहना की। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा पहल कर निवेश प्रोत्साहन लिए किए जा रहे विशेष प्रयासों को महत्वपूर्ण बताया और निवेश नीति की सराहना की।

> ■ **शाहपुरा से जर्मनी तक, डूंगरपुर से इंग्लैंड तक राइजिंग समिट का माहौल : भूपेंद्र यादव**

सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर ने कहा कि राजस्थान का व्यक्ति विश्व भर में अपने कठिन परिश्रम के लिए जाना जाता है राजस्थानी देश के किसी भी राज्य में गया हो अथवा विदेश में उसने, हर जगह अपना नाम कमाया है। साथ ही वह अपनी जन्मभूमि को कभी नहीं भूले हैं। उन्होंने कहा कि गत 10 सालों में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अब भारत दुनिया का नेतृत्व कर रहा है तथा विश्व गुरु एवं सोने की चिड़िया बनने की राह पर है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अथक परिश्रम से राइजिंग राजस्थान बेहद सफल कार्यक्रम साबित हुआ है तथा शर्मा प्रवासी राजस्थानियों के किसी भी काम में कमी नहीं आने देंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रवासी बंधुओं को हर तरह की सुविधा मुहैया करवाई जा रही है। उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों से कहा कि वे साल में एक बार जरूर अपने गांव जाएं तथा सब मिलकर राजस्थान को हिंदुस्तान का नंबर 1 प्रदेश बनाने का संकल्प लें।

केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सुशासन की नई परिभाषा बनी है तथा सुशासन से सिस्टम में त्वरित एवं सटीक निर्णय में आसानी हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत के विज़न में राइजिंग समिट की भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण साबित होगी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 1 वर्ष में ही शाहपुरा से जर्मनी तक डूंगरपुर से इंग्लैंड तक राइजिंग समिट का माहौल बनाया है तथा निवेशकों के लिए एक सफल कार्यक्रम का संचालन किया है। उन्होंने कहा कि मारवाड़ियों की अपार उद्योग की क्षमता, निर्विवाद रहने की कला तथा संस्कारों से दुनिया भर में मारवाड़ियों का डंका बजा है। अब कोर बिजनेस के साथ ही मारवाड़ी हॉस्पिटैलिटी, आईटी, ए आई जैसे क्षेत्रों में भी आगे बढ़ते दिख रहे हैं।


# खेतड़ी एस.डी.एम. दो लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**झुंझुनूं/जयपुर।** ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की स्पेशल यूनिट-द्वितीय, जयपुर इकाई ने झुंझुनूं में कार्यवाही करते हुये बंशीधर योगी (आर.ए.एस.) उपखण्ड अधिकारी खेतड़ी, जिला झुंझुनूं को परिवादी से दो लाख रुपये और कीमती डिनर-सैट रिश्वत के रूप में लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की स्पेशल यूनिट द्वितीय, जयपुर इकाई को परिवादी द्वारा एक शिकायत इस आशय की दी गई थी कि उसकी जमीन के विवाद में न्यायालय द्वारा उसके पक्ष में दी गई डिक्री की पालना करवाने की एवज में आरोपी बंशीधर योगी (आर.ए.एस.) उपखण्ड अधिकारी द्वारा पहले 20 बीघा जमीन अपने नाम करवाने की मांग की। परिवादी द्वारा असमर्थता जाहिर करने पर पांच लाख रुपये रिश्वत के रूप में मांग कर परेशान किया जा रहा है। परिवादी के अनुनय विनय करने पर आरोपी 3 लाख रुपये रिश्वत लेने पर सहमत हुआ है, जिस पर एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस अनिल कयाल के सुपरवीजन में ए.सी.बी. की स्पेशल यूनिट द्वितीय, जयपुर इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर मंगलवार को उनके द्वारा मय टीम के झुंझुनूं में ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी बंशीधर योगी को परिवादी से दो लाख रुपये और कीमती डिनर-सैट रिश्वत के रूप में लेते गिरफ्तार किया गया है।

# राजस्थान अब केवल एक रेगिस्तानी राज्य नहीं, बल्कि उभरते हुए अवसरों की भूमि है : गजेंद्र सिंह

**जयपुर।** राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के दूसरे दिन मंगलवार को अमेरिका (यूएसए) कंट्री सेशन में सप्लाई चेन और मैन्युफैक्चरिंग पर गहन चर्चा हुई। इस सत्र को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान अब केवल एक रेगिस्तानी राज्य नहीं, बल्कि उभरते हुए अवसरों की भूमि है। उन्होंने भारत-अमेरिका साझेदारी को आर्थिक समृद्धि और रोजगार सृजन के लिए अत्यंत लाभकारी बताया।



राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में मंगलवार को अमेरिका ( यूएसए ) कंट्री सेशन में सप्लाई चेन और मैन्युफैक्चरिंग पर गहन चर्चा में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह ने संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतंत्र हैं और भारत जल्द ही तीसरा सबसे बड़ा आर्थिक लोकतंत्र बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने उल्लेख किया कि अमेरिकी कंपनियां पहले ही भारत में 1000 से अधिक उद्योग संचालित कर रही हैं और जैसी कंपनियों ने भारत में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज की है। राजस्थान की भूमिका पर जोर देते हुए, उन्होंने बताया कि राज्य दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का 30 फीसदी हिस्सा कवर करता है और इसकी भौगोलिक स्थिति उद्योग और लॉजिस्टिक्स के लिए आदर्श है।

मंत्री श्री गजेंद्र सिंह ने कहा कि राजस्थान में एक्सप्रेसवे कनेक्टिविटी, भारतमाला योजना, और पीएम गतिशक्ति पोर्टल जैसे प्रोजेक्ट्स ने निवेशकों के लिए शानदार आधारभूत ढांचा उपलब्ध कराया है।

उन्होंने राज्य के युवा कार्यबल और प्रतिभा के भंडार पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विजन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रतिबद्धता ने इस समिट को संभव बनाया है।

सत्र की शुरुआत में, यूडीएच के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया ने सप्लाई चेन प्रबंधन में तकनीकी नवाचार, जीएसटी कार्यान्वियन, और लॉजिस्टिक्स में राजस्थान की क्षमता पर चर्चा की।

चंद्रकांत सलुंखे ने के लिए निवेश और अनुबंध निर्माण के अवसरों पर प्रकाश डाला। राजिंदर सिंह भाटिया ने मैन्युफैक्चरिंग और सप्लाई चेन में रणनीतिक पहलुओं पर बात की। डॉ. अनिर्बाण अधिकारी ने सप्लाई चेन में स्थिरता चुनौतियों पर चर्चा की। डॉ. बृजेश बारसे ने स्वास्थ्य और कृषि सप्लाई चैन में स्थिरता पर विचार प्रस्तुत किए।

सत्र के अंत में वक्ताओं ने राजस्थान को एक महत्वपूर्ण रक्षा विनिर्माण क्षेत्र और वैश्विक निवेश का केंद्र बनाने के लिए साझा रणनीतियों पर जोर दिया। अंत में गालरिया ने कहा कि राइजिंग राजस्थान समिट ने न केवल राज्य को निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य के रूप में स्थापित किया, बल्कि भारत-अमेरिका के बीच आर्थिक सहयोग को भी नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए नवीन अवसर पैदा किए है।

# राइजिंग राजस्थान में लोगों ने देखी प्रदर्शनी



जयपुर के जेईसीसी में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में लगी प्रदर्शनी को मंगलवार को लोगों ने देखकर उनके बारे में जानकारी ली।

# राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों में बनाएंगे 3 लाख 41 हजार मकान : शिवराज सिंह चौहान

## कृषि एवं उद्योग के लिए प्रदेश के हर कोने में पहुचाएंगे पर्याप्त पानी : भजनलाल शर्मा

**जयपुर।** केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि केन्द्रीय ग्रामीण विकास विभाग राजस्थान में गरीब और किसान के लिए पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के अन्तर्गत 3 लाख 41 हजार 620 आवासों का निर्माण करेगा। इस पर लगभग 4 हजार 99 करोड़ रुपये का व्यय होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा नए राजस्थान के उदय के लिए काम कर रहे हैं। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इंन्वेस्टमेंट समिट के माध्यम से कृषि क्षेत्र में विषेषकर फूड प्रोसेसिंग में भारी निवेष आ सकेगा।

चौहान मंगलवार को जेईसीसी में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के अंतर्गत आयोजित 'एग्री बिजनेस इनोवेषन्स मूविंग अप द वैल्यू चेन' सेक्टोरल सेशन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसानों की सेवा ही हमारे लिए भगवान की पूजा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम भारत को फूड बास्केट ऑफ वर्ल्ड बनाने का काम कर रहे हैं जिससे भारत विश्व का पेट भर सकेगा। सिंह ने कहा कि किसानों के कल्याण के लिए विभाग ने 6 सूत्री रणनीति बनायी है। कृषि क्षेत्र में उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए हमने 109 नए बीजों की किस्म तैयार की है। इसमें बाजरा और धान की फसलें भी शामिल हैं जिनका कम समय में ज्यादा उत्पादन किया जा सकेगा। उन्होंने पीकेसी-ईआरसीपी एकीकृत परियोजना का जिक्र करते हुए इसे मध्यप्रदेश और राजस्थान के किसानों के लिए वरदान बताया।

> ■ **'एग्री-बिजनेस इनोवेशन्स मूविंग अप द वैल्यू चेन' सेक्टोरल सेशन आयोजित**

**A. Jordan Rogers:** The original idea came about as we grappled with the vagaries of the academic job market. We were still in our respective graduate programs when we were first having these discussions. What would our jobs be? How did we define those jobs? Would there be jobs for us when all was said and done? If we didn't get the academic job, would our identities as academics and intellectuals be compromised? The fascination, I suppose, is that we keep making a distinction between these two spheres of existence, work and life, which, of course, changes over time and between cultures. But we still feel compelled to do so. Why? And what does that say about culture more generally? About the worldview of people? About what's important? These are questions that not many people have asked, or at least not in these specific formulations, about the Roman world. So, we thought it would be useful.

**Q. Many writings and artifacts survive from the time of the Roman Empire. What sort of new technologies, tools, or techniques are helping us garner additional insights from these objects? Or are there new philosophical approaches that are helping us, such as paying attention to aspects of Roman society, that earlier historians overlooked?**

**A. Maticic:** The primary ancient technologies, that we present in our book, are concepts. The Latin word *labor*, for instance, referred to 'work' and 'toil,' and also to a wide range of figurative actions and processes taken by humans of different strata, from elites to enslaved peoples, as well as nonhuman living things. The labor of plants, for instance, is to grow. We think that concepts like this are useful in the context of late-stage capitalism, in which work and labor become such important buzzwords for thinking about the role of work in the world.

**Rogers:** To add to Del's point about 'concepts,' especially of work, one of the things we endeavour to do in this volume is to illuminate the many perspectives regarding what work meant in ancient Rome (and, as a result, what it could mean now). These perspectives are often contradictory, but they do cohere.

**Q. At its height, the Roman Empire was incredibly vast, it stretched from Morocco to Iran, from the UK to Egypt. Were there commonalities across the empire? In other words, did Roman culture affect the working lives of everyday people?**

**A. Rogers:** There were, of course, commonalities, most notably imposed by the Roman legal system. So, for example, making work contracts, according to Roman legal standards, would look the same across the empire. Still, the reality is that the Roman Empire was a multicultural one, where regional differences can be observed. Some of our papers explore these regional differences in some detail, especially with regards, for instance, to the networks of skilled professionals like teachers, doctors, or architects, who moved about the Roman world, and typically in more circumscribed areas.


**Q. Many things have changed over the intervening centuries, from cell phones to airplanes. What hasn't changed? What would ancient workers recognize in their modern peers?**

**A. Rogers:** Just like now, there were many different responses to work. Some Romans considered any work to be a form of slavery to another (consider, e.g., the modern notion of the corporate 'wage-slave'). Others saw their occupation as the most important part of their identity, and therefore placed great social value on the work they did. Still others considered work to be the natural state of things, imposed by divine will, while others, especially the enslaved, would actively design ways to avoid the work forced upon them. So, in that sense, not much has changed as far as the variety of stances that can be occupied vis-à-vis labor, and usually, these are defined by an individual's proximity to power in their world of work, then as now.

**Maticic:** I've sometimes heard it says that the cultural obsession with work in the modern world is a phenomenon associated with the capitalist present. But even in the ancient world, people's work was so important to their understanding of themselves that their professional identity was frequently mentioned on their tombstones.



## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



## संक्षिप्त

### बार एसोशियसन के चुनाव 13 को

**निवाई।** बार एसोशियसन के वार्षिक चुनाव को लेकर बार एसोशिसन की साधारण सभा की बैठक बार अध्यक्ष नरेन्द्र जाट की अध्यक्षता में आयाजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से एडवोकेट नरेन्द्रकुमार जाट व एडवोकेट बनवारीलाल यादव को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया। बैठक में निर्वाचन अधिकारी बनवारीलाल यादव ने चुनाव की घोषणा करते हुए बताया कि बुधवार को 11 बजे से 1 बजे तक फार्म भरे जाएंगे। दोपहर 1 से 2 बजे तक फार्मो की जांच व 2 से 3 बजे तक नाम वापसी की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को आवश्यक होने पर 11 से 4 बजे तक मतदान प्रक्रिया संपन्न होगी। मतदान के तत्काल बाद परिणाम घोषित किया जाएगा।

### सप्तमी व्रत को लेकर हुए अनुष्ठान

**निवाई।** रजवास में श्री देवनारायण मंदिर पर महिला मंडल के तत्वावधान में सप्तमी व्रत का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान श्री देवनारायण भगवान की झांकी सजाकर महाआरती की गई। स्वामी बालकानंद महाराज ने कहा कि जीवन पाकर भी भजन नहीं करने वाले मनुष्य होते हुए भी पशु के समान है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बरोनी थानाधिकारी मानवेंद्र सिंह, पूर्व प्रधान ममता चौधरी, रमेश गुर्जर, सूरज गुर्जर, रामावतार गुर्जर, भजन गुर्जर, रूपनारायण गुर्जर, भैरू गुर्जर, बद्री जांगिड़, रामचंद्र गुर्जर, सुगन गुर्जर, मोहन गुर्जर, खुशीराम गुर्जर, हंसराज गुर्जर व हरिराम गुर्जर सहित कई भामाशाहों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। मंगलवार को महाप्रसादी वितरण करके के कार्यक्रम का समापन हुआ।

### डॉ. रमेश औला बने असिस्टेंट प्रोफेसर

**मालपुरा।** मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के कांटोली गांव निवासी डॉ. रमेश औला पुत्र शिवराज औला का राजकीय मेडिकल कॉलेज बाडमेर मे असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर हुआ चयन। डॉ. सीताराम चौधरी ने बताया कि छोटे से गांव के किसान परिवार मे जन्मे डॉ. रमेश औला कडी मेहनत व लग्न से आज इस मुकाम पर पहुंचे है। रमेश औला के इस चयन पर परिवारजनो सहित ईष्टमित्रो ने हर्ष व्यक्त कर रमेश को बधाई देते हुये उज्जवल्ल भविष्य की कामना की।

### पानी में करन्ट से दो गायों की मौत

**कोटपूतली।** कस्बे के वार्ड नं. 37 स्थित मौहल्ला सराय में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विधालय के पास आम रास्ते पर जल भराव के चलते वार्डवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस सम्बंध में स्थानीय वार्डवासी शिवकुमार गोयल ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल, नगर परिषद सभापति पुष्पा सैनी व आयुक्त धर्मपाल जाट को पत्र भेजकर कार्यवाही की मांग की है। जिसमें बताया है कि आम रास्ते पर रोड़ लाईट की अन्डर ग्राउण्ड केबल जगह-जगह से कटी हुई है। इसी पानी में करन्ट दौड़ जाने से स्थानीय नागरिकों की जान को खतरा बना हुआ है। यही नहीं विगत दो दिनों में दो गायें उक्त पानी में करन्ट से दम भी तोड़ चुकी है। ज्ञापन में जल्द से जल्द कार्यवाही की मांग की गई है।

### विश्व शांति के लिए हुआ शांतिमंडल विधान

**निवाई।** वनस्थली में अरिहंत महिला मंडल के सानिध्य में शांति मंडल विधान का आयोजन किया गया। महिला मंडल की सदस्या आशा जैन ने बताया कि विश्व शांति के लिए शांति मंडल विधान का आयोजन किया। सत्येंद्र जैन एंड पार्टी मानपुर ने संगीत मय विधान मंडल संपन्न करवाया। इस अवसर पर विमलचंद पाटनी, प्रकाश चंद, सुशीला, अकलंक, नीतू, निकलंक, हिना, आयुष व अंशुल पाटनी ने भगवान आदिनाथ को श्रीफल भेंट कर विधान में भाग लिया कार्यक्रम में मूलचंद सुशील राजेश जैन चंद्रप्रकाश अनीश कमलेश पारस जैन महावीर बिन्नू प्रेम जी ज्ञानचंद प्रवीण राजेश आदि श्रद्धालु उपस्थित थे।

### छात्रों को जैकेट वितरित किए

**श्रीमाधोपुर।** ग्राम बस्सी के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बस्सी में बजाज फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा विद्यालय के समस्त बालकों को गरम जैकेट ट्रस्ट के कार्यक्रम अधिकारी आनंद सिंह एवम् फील्ड ऑफिसर सुरेश कुमार के माध्यम से उपलब्ध करवाए गए।

# राजस्थान के लोग पूरी दुनिया में अपनी मेहनत का डंका बजा चुके हैं : भूपेंद्र यादव

- केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने जयपुर में आयोजित राजस्थान राइजिंग समिट कार्यक्रम में की शिरकत
- राजस्थान के लोग देश ही नहीं, पूरी दुनिया में अपनी मेहनत, उद्योग की क्षमता, विश्वसनीयता और संस्कार के बल पर अपना डंका बजा चुके हैं। : केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव



राइजिंग राजस्थान कार्यक्रम में अलवर सांसद और वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने हिस्सा लिया।

**अलवर।** जयपुर में आयोजित राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट कार्यक्रम में अलवर सांसद और वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को बधाई देते हुए कहा कि जिस तरह मुख्यमंत्री ने एक वर्ष के कार्यकाल में शाहपुरा से जर्मनी तक, डूंगरपुर से इंग्लैंड तक राइजिंग राजस्थान का जो माहौल बनाया है और सफल कार्यक्रम किया है, वह राजस्थान को विकास और उन्नित का एक नया मुकाम अवश्य ही दिलाएगा।

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का जो विजन है, विकसित भारत का, और विजन की जो बुनियादी बातें होती हैं - पानी, ऊर्जा, इंफ्रास्ट्रक्चर और बजट का सही तरीके से खर्च होना - उसे राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक साल में जिस कर्मठता के साथ लागू किया है, उसका परिणाम कुछ दिन पहले हुए उपचुनाव में भी देखने को मिला है। राजस्थान की जनता उनकी इस मेहनत का पूर्ण रूप से सम्मान कर रही है।

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि विश्वसनीयता ही राजस्थान की सबसे बड़ी ताकत है। राजस्थान के प्रवासियों ने अपने संकल्प और सेवा से पहचान बनाई है। दुनिया में कहीं भी चले जाएं, पार्टी का ईमानदार कोषाध्यक्ष राजस्थानी ही मिलेगा। उन्होंने कहा कि निर्विवाद संस्कार और अपार व्यापार को देखकर दुनिया में कहीं भी मारवाड़ी समाज के लोग पहचाने जा सकते हैं।राजस्थान सरकार ने एक वर्ष में काफी काम किए हैं। शिक्षा और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के साथ-साथ फाइनेंस का भी विस्तार किया है। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान कार्यक्रम राजस्थान की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करेगा, देश में राजस्थान के योगदान को बढ़ाएगा, और प्रवासी राजस्थानियों के गौरव को भी विकसित भारत में अहम भूमिका निभाने का अवसर प्रदान करेगा। इस दौरान राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ सहित अन्य गणमान्य राज्य मंत्री, उद्योगपति और प्रवासी भारतीय भी मौजूद रहे।

### क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**कोटपूतली।** अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशन में स्थानीय राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय एवं तालुका विधिक सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को मानव अधिकार दिवस पर व्याख्यान एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. आर. के. सिंह ने ऑनलाईन क्विज प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। उन्होंने क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों में मानव अधिकारों के प्रति समझ एवं जागरूकता पैदा करने पर बल दिया। क्विज प्रतियोगिता में कुल 146 विद्यार्थियों नें भाग लिया। जिनमें सिमरन सैनी, मोनिका स्वामी, चिराग सिंह तंवर, प्रियांशु शर्मा, रोहित यादव ने 100 में से 90 स्कोर प्राप्त किया। अध्यक्षता करते हुये डॉ. मधु नागर ने कहा कि मानव अधिकारों का संरक्षण तभी संभव है, जब हर व्यक्ति अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करें। मुख्य वक्ता प्रो. घनश्याम गुर्जर ने मानव अधिकारों के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य और उनके समकालीन महत्व पर प्रकाश डाला।

## ग्रामीणों ने पालिका परिक्षेत्र मे शामिल होने का किया विरोध



कल्याणपुरा गांव के ग्रामीणो ने पालिका परिक्षैत्र मे शामिल होने का विरोध कर सीएम के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन।

**मालपुरा** (निस) मालपुरा उपखण्ड क्षैत्र की रिण्डलिया ग्राम पंचायत के कल्याणपुरा गांव के ग्रामीणो ने मंगलवार को मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंप पालिका परिक्षैत्र मे शामिल करने का विरोध किया। जिला परिषद सदस्य छोगालाल गुर्जर के नेतृत्व मे ग्रामीण प्रहलाद, सकराम, मो. इस्माईल, अब्दुल हनीफ, छीतर मेम्बर, भादूराम, बाबूलाल, नन्दाराम, नजरूदीन,पंचायत समिति सदस्य शिमला चौधरी, आदि ने सीएम के नाम सौंपे ज्ञापन मे अवगत करवाया कि कल्याणपुरा गांव वर्तमान मे रिण्डलिया ग्राम पंचायत मुख्यालय से महज एक किलोमिटर की दूरी पर है। जबकि मालपुरा शहर आठ से दस किलोमिटर की दूरी पर है। ऐसे मे कल्याणपुरा को पालिका परिक्षैत्र मे शामिल करने से ग्रामीणो को भारी समस्या का सामना करना पडेगा। ग्रामीणो की समस्या को ध्यान मे रखते हुये कल्याणपुरा को रिण्डलिया पंचायत क्षैत्र मे ही यथावत रखा जाये। ग्रामीणो ने बताया कि हाल ही मे केबिनेट मंत्री व क्षैत्रिय विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने नगरपालिका परिक्षैत्र का दायरा बढा नगर परिषद के समान करने के लिये मालपुरा शहरी क्षैत्र से सटी बृजलाल नगर पंचायत सहित रिण्डलिया व डुंगरीकलां एंव डिग्गी पंचायत, सिंधोलिया पंचायत के कुछ क्षैत्रो को पालिका परिक्षैत्र मे शामिल करने की अभिशंषा कर रिपोर्ट जिला कलेक्टर के माध्यम से राज्य सरकार को प्रेषित की है।

### किसानो ने दिया कलेक्टर को ज्ञापन

**टोंक।** राष्ट्रीय किसान महांपचायत युवा प्रदेशाध्यक्ष रमेश चन्द चौधरी के नेतृत्व में निवाई कृषि मण्डी में नियुक्त सचिव कमल किशोर सोनी को निलम्बित करने की मांग करते हुए जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झां को ज्ञापन सौपा। प्रदेशाध्यक्ष चौधरी ने बताया कि निवाई कृषि उपज मण्डी समिति के सचिव द्वारा अपने पद का दुर्पयोग करते हुए मण्डी समिति के पैसो का दुर्पयोग, उच्चाधिकरियों को गुमराह करना, महिला किसानो के खिलाफ षडयंत्र, महिला किसान के खिलाफ झुठे प्रकरण दर्ज करवाना एवं किसानो विरूधी गतिविधियों को अन्जाम देने में सक्रिय है। सरकार द्वारा सावित्री बाई फूले योजना के माध्यम से जो किसानो का लाभान्वित करने की योजना है, पर सचिव द्वारा किसानो को लाभान्वित नही किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में कृषि विपणव बोर्ड के शासन सचिव के नाम भी पत्र जारी किये जा चुके है।

## प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान में हुआ अन्नाधिवास कार्यक्रम

- पूर्व मंगलवार को प्रथम दिवस पर भव्य कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारभ हुआ



प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अन्नाधिवास कार्यक्रम का आयोजन किया ।

**पावटा।** कस्बे घंटाघर चौक स्थित सीताराम मंदिर में चल रहे प्राण प्रतिष्ठा धार्मिक समारोह के दूसरे दिन अन्नाधिवास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इससे पूर्व मंगलवार को प्रथम दिवस पर भव्य कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारभ हुआ था, जबकि 11 दिसबर बुधवार को शैय्याधिवास, 12 दिसबर गुरुवार को पुष्पाधिवास व दोपहर 3 बजे नगर भ्रमण एवं साय 8 बजे हवन, 13 दिसबर शुक्रवार को दोपहर 12 बजे पूर्णाहुति हवन व अभिजित मुहुर्तानुसार मंदिर प्रांगण में सीताराम की मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी।

सनातन धर्म में देव उपासना के लिए प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान में विशेष पूजा की जाती है। मूर्ति को स्थापित करने से पहले सर्वतोभद्र, षोडश मातृका एवं नवग्रह पीठ स्थापित कर गणेश पूजन एवं कलश स्थापना के साथ विधिवत पूजन किया जाता है। पीठ पर अधिष्ठित देवताओं के पूजन के बाद पहले दिन देव प्रतिमाओं का जलधिवास कराया जाता है। जिसके तहत मूर्तियों को जल से भरे हुए विशाल पात्रों में शयन कराया जाता है। दूसरे दिन गेहूं, धान आदि अन्न के भंडार में ढककर अन्नाधिवास होता है। फलाधिवास, घृत में आवास, शय्याधिवास का क्रम पूरा करने के बाद नेत्र उद्घाटन के लिए मंत्र पाठ करने के बाद अभिषेक पूर्वक षोडशोपचार पूजन संपन्न कर देव प्रतिमाओं को यथा स्थान प्रतिष्ठित कर दिया जाता है। कस्बे घंटाघर चौक स्थित सीताराम मंदिर में चल रहे प्राण प्रतिष्ठा धार्मिक समारोह मे मूर्तियों में मंत्रों की शक्ति से जब प्राण प्रतिष्ठा होती है तो उनमें देवत्व का प्रवेश होता है। जो विधिवत पूजा से फलदायी होती हैं। इस दौरान सीताराम मंदिर महंत सुभाष पुजारी, वीरेंद्र पुजारी, सुभाष जोशी, पूर्व सरपंच दौलतराम अग्रवाल, पावटा नगर ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष अमरनाथ पटेल, डॉ. ओम प्रकाश गौड, पंडित सुरेश शर्मा, कवि उमेश टांक, उमाकांत बंसल, गोकुल टांक, विनोद पुजारी, एड. प्रदीप सैन, चेतन शर्मा, पवन गोयल सहित बडी संया मे श्रद्धालु मौजूद रहे।

## श्रीमाधोपुर में ब्लॉक स्तरीय महोत्सव आयोजित

- मुख्य अतिथि यूडीएच मंत्री झाबरसिंह के बेटे अजय सिंह खर्रा रहे

**श्रीमाधोपुर।** कस्बे में ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव का शुभारंभ पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा के बेटे अजय सिंह खर्रा रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि पंचायत समिति प्रधान रामकोरी देवी, नगरपालिका अध्यक्ष हरिनारायण महंत थे। कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके की गई।आयोजन सचिव एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि राजस्थान सरकार की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य राजस्थान की लोक संस्कृति, कला, विज्ञान, और प्रौद्योगिकी के संरक्षण एवं प्रोत्साहन के लिए है। मुख्य अतिथि अजय सिंह खर्रा ने प्रतिभागियों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि उन्हें हार या जीत की चिंता किए बिना अपनी कला को प्रस्तुत करना चाहिए।इस महोत्सव में डिजिटल मेला, विज्ञान प्रोजेक्ट, सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं, लोक गायन, लोक नृत्य, चित्रकला, भाषण, हस्तकला और राजस्थान की लुप्त होती कला जैसे विभिन्न कार्यक्रम हुए। नॉन कंपटीशन में फड उप विधा में आस्तिक तिवारी प्रथम , बीती चित्र में संजना महर्षि प्रथम, खड़ताल में यश सेन प्रथम लाइफ स्किल में उप विधा स्टोरी राइटिंग में प्रथम अजय कुमार, पेंटिंग में प्रथम निकिता कंवर , डीकलीमेंशन में प्रथम विजय कुमार सेन ,युवा कृति में उपविधा हैंडीक्राफ्ट में सुमन घोड़ीवाल प्रथम, एग्रो प्रोडक्ट में कृष्ण कुमार प्रथम, कल्चर में उप विधा ग्रुप फोक डांस पायल सोनी और भवया लाटा प्रथम, सोलो फोक डांस में मनीष सैनी प्रथम, सोलो फॉल्क सॉन्ग में सिद्धार्थ जांगिड़ प्रथम स्थान प्राप्त किया युवा महोत्सव में ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्तकर्ता विजेता जिला स्तरीय युवा महोत्सव में ग्रामीण महिला शिक्षण संस्थान सीकर में दिनांक 13 दिसंबर 2024 को प्रात: 10 बजे प्रतिभागी जिला प्रतियोगिता में भाग लेंगे।कार्यक्रम के दौरान संस्था प्रधान राजेश कुमार अंकुर, राजेश कुमार शर्मा एसीबीईओ बालिका स्कूल के प्रधानाचार्य शिवपाल सिंह शेखावत, एमजी राजकीय स्कूल के प्रिंसिपल रमाकांत शर्मा, ममता अग्रवाल प्रधानाचार्य मऊ, राकेश सिंह प्रधानाचार्य, विनोद कुमार मिश्रा प्रधानाचार्यमौजूद रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन शिशुपाल सिंह एवं अशोक कुमार शर्मा ने किया।

## 'मानव अधिकारों के संरक्षण के लिए भेदभाव व वैमनस्य पर रोक लगानी होगी'

- 'राजकीय कन्या महाविद्यालय वजीरपुर में मानव अधिकार दिवस पर आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम रही सपना मीणा''





महाविद्यालय वजीरपुर में मानव अधिकार दिवस का आयोजन किया।

**वजीरपुर।** राजकीय कन्या महाविद्यालय वजीरपुर में मानव अधिकार दिवस पर आयोजित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में छात्रा सपना मीणा प्रथम,सोनम द्वितीय एवं अनीशा मीणा तृतीय स्थान पर रही। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का संचालन भूगोल प्रवक्ता डॉ. ऋषिकेश गुर्जर ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं ने सहभागिता की। संकाय सदस्य डॉ.भूरसिंह गुर्जर, डॉ.संपूर्णानंद गौतम, डॉ.गिर्राज प्रसाद जोनवाल, विकल्प कामत,महेंद्र कुमार धोबी एवं मानसिंह मीणा ने सहयोग किया।

नोडल अधिकारी प्रो.रमेश बैरवा ने ''वर्तमान परिदृश्य एवं हमारे मानव अधिकार'' विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि मानव अधिकारों की अवधारणा में अमेरिकी, फ्रांसीसी एवं रूसी क्रांति, साम्राज्यवाद एवं फासीवाद विरोधी आंदोलन,पूंजीवाद के आर्थिक संकट के परिणाम स्वरूप लोक कल्याणकारी राज्य की विचारधारा एवं अनेक बुद्धिजीवी एवं राजनेताओं का प्रमुख योगदान रहा है।

उग्र राष्ट्रवादी एडोल्फ हिटलर के लाखों लोगों के जनसंहार से बुरी तरह आहत विश्व के नेताओं ने मानव अधिकारों को संयुक्त राष्ट्र संघ के एजेंडे में प्रमुख स्थान दिलाया। गौरतलब है कि 1948 की ''मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा'' एक महिला एलेनोर रूजवेल्ट की अध्यक्षता में ही तैयार हुई थी। मानव अधिकार असल में वे अधिकार है जो हमें मनुष्य होने के नाते मिले हैं जो सरकार प्रदत नहीं हैं बल्कि सार्वभौमिक है। हम सभी में निहित हैं। रोटी,कपड़ा, मकान, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वतंत्रता, समानता, शोषण से मुक्ति,स्वच्छ पर्यावरण, सभी के लिए गरिमामय जीवन प्रमुख मानव अधिकार हैं।

प्रो.बैरवा ने कहा कि मानव अधिकारों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए तेजी से बढ़ती आर्थिक विषमता, जाति एवं जेंडर आधारित भेदभाव, धार्मिक वैमनस्य, बेरोजगारी, महंगाई, बिगड़ते पर्यावरण, अभिव्यक्ति की आजादी के हनन, श्रमिकों के शोषण एवं किसानों की बदहाली पर रोक लगानी होगी।

सभी नागरिकों के लिए संविधान प्रदत्त गरिमामय जीवन के लिए अनुकूल सामाजिक एवं आर्थिक हालात पैदा करने होंगे। मानव अधिकार आयोग को स्वतंत्र,सक्रिय एवं संवेदनशील होकर पीड़ितों को सही में न्याय दिलाना होगा।

### वार्षिकोत्सव मनाया

**फुलेरा,** कस्बे की रेलवे कॉलोनी स्थित केन्द्रीय विद्यालय परिसर में मंगलवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्या नविता वर्मा रही। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय विद्यालय के प्राचार्य नरेन्द्र सिंह यादव रहे। कार्यक्रम के दौरान आगन्तुक अतिथियों के द्वारा मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर एवं विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वन्दना करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रमों में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और मनमोहक प्रस्तुतियां दी। इसी क्रम में वहीं कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की विभिन्न प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए विधि माथुर पी.जी.टी (भौतिकी), ज्योति पाराशर पी.जी टी (अर्थशास्त्र ), बंशीधर वर्मा पी.जी.टी (हिन्दी), श्रीराम शर्मा पी.जी .टी (गणित ), मंजु सिंह पी.जी.टी (इतिहास ), बंशीलाल पी.जी.टी (जीव विज्ञान), हरि सिंह गुर्जर पी.जी .टी (भूगोल ), देवेन्द्र कुमावत पी.जी.टी (रसायन), बृजेश कुमावत टी.जी.टी (गणित), बबीता खोखावत टी.जी.टी (गणित ) तथा शिवांगी बिदुआ शारीरिक शिक्षिका को खेल उपलब्धियों के लिए प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

## सार-समाचार

### अवैध देशी कट्टा व तीन जिन्दा कारतूस बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

**सांभरझील,** (निसं)। आनन्द शर्मा (आईपीएस) जिला पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण / दूदू ने जानकारी देते हुए बताया है कि महानिरीक्षक पुलिस जयपुर रेंज जयपुर अजयपाल लाम्बा (आईपीएस) के द्वारा एरिया डॉमिनेशन की कार्यवाही हेतु एक विशेष अभियान चलाया गया था जिसमें अधिकाधिक कार्यवाही बाबत निर्देशित किया गया था। अभियान की सफलता हेतु शिवलाल बैरवा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू व दीपक खण्डेलवाल वृताधिकारी दूदू के निर्देशन में तथा इन्द्रपकाश यादव थानाधिकारी थाना दूदू के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर आसूचना संकलन कर दूदू थाना क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर दबिश दी गई। दबिश के दौरान गठित टीम को पडासौली में एक संदिग्ध व्यक्ति के पास अवैध हथियार व कारतूस होने की विश्वसनीय इतला मिलने पर दबिश दी गई तो पडासौली पुलिया से गांव में जाने वाली सडक के साईड में कच्चे रास्ते से आरोपी शिवराज गुर्जर पुत्र श्री हनुमान जाति गुर्जर उम्र 19 साल निवासी गुर्जरों की ढाणी तन पडासौली थाना दूदू जिला दूदू के कब्जे से एक अवैध हथियार देशी कट्टा मय 03 जिन्दा कारतूस बरामद किये गये तथा घटना के संबंध में थाना दूदू पर आर्म्स एक्ट में अभियोग दर्ज किया जाकर अभियुक्त शिवराज गुर्जर को गिरफ्तार किया गया है। जिससे प्राप्ति स्त्रोत के संबंध में गहनता से अनुसंधान किया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपी शिवराज गुर्जर पुत्र श्री हनुमान जाति गुर्जर उम्र 19 साल निवासी गुर्जरों की ढाणी तन पडासौली थाना दूदू जिला दूदू का रहने वाला है।

### खाटू श्याम नगर में 90 ए की कार्रवाई के बाद निर्माण कार्य लगातार जारी

**गोविंदगढ़ /अलवर** गोविंदगढ़ कस्बे के नजदीकी गांव रामबास के खाटू श्याम नगर पर 90ए की कार्यवाही एवं 177 की कार्यवाही लम्बे समय से विचाराधीन है। खाटू श्याम नगर में प्रशासन की मिली भगत से निर्माण कार्य चल रहे हैं जिसकी सूचना बार-बार संबंधित पटवारी दाताराम गुर्जर एवं क्षेत्रीय तहसीलदार राजेंद्र यादव को दूरभाष के जरिए सूचना दी गई एवं बोरिंग का कार्य खाटू श्याम नगर मंदिर के सामने किया जा रहा।जिसकी सूचना भी पटवारी दाताराम गुर्जर को दी गई पटवारी ने सूचना देने के बाद बताया कि विनोद कुमार निवासी रामबास द्वारा बोरिंग किया जा रहा है और उसे हमने बताया कि 90 ए की कार्रवाई चल रही है तुम बोरिंग नहीं कर सकते अवैध रूप से हो रहा है मौका पर्चा बनाया विनोद कुमार मौके पर मिला उससे हमने साइन करने के लिए बोला तो उसने साइन करने से मना कर दिया पाबंद कर दिया गया है सूत्रों से मिली खबर से बोरिंग का कार्य नहीं रुका उसके बाद तहसीलदार राजेंद्र यादव को सूचना दी गई तो उन्होंने कहा मैं अभी बात करता हूं परंतु बोरिंग का कार्य एवं निर्माण कार्य लगातार चल रहे है। जिससे साफ जाहिर होता है कि प्रशासन की मिली भगत से निर्माण कार्य चल रहा है और एक दूसरे के ऊपर टालम टोल कीया जा रहा है अगर प्रशासन चाहे तो वहां पर एक ईंट भी नहीं लग सकती परंतु जब सैईया भाये कोतवाल तो अब डर काहे का हालात इतने बिगड़े हुए हैं की जनसुनवाई में शिकायत देने के बाद कोई सुधार नही है।हालात बिगड़े हुए हैं जनसुनवाई में शिकायत देने के बाद भी कार्य लगातार जारी है जनसुनवाई में शिकायत देना खाना पूर्ति है सब कुछ प्रशासन की मिली भगत से चल रहा है

### महिला उत्पीडन शोषण शिविर का आयोजन

**मनोहरपुर ।** 9 दिसंबर को अमरपुरा शाहपुरा स्थित राजश्री कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग शाहपुरा में महिला यौन उत्पीड़न निमेष निवारणार्थ,एवं वाणिज्यिक महिला उत्पीडन शोषण अधिनियम 2015 के निवारणर्थ शिविर का आयोजन:- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर, जिला जयपुर एवं तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा अध्यक्ष अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश प्रथम श्रीमती ललिता शर्मा अपर सैशन न्यायाधीश द्वितीय कृष्णकांत एसीजेएम श्रीमती प्रतिभा मोटियार एवं एमजेएम आदित्य शर्मा के मार्गनिर्देशन में न्याय मित्र दिनेश कुमार शर्मा के द्वारा अमरपुरा स्थित नर्सिंग कॉलेज में नालसा के जागरूकता एक्शन प्लान के अनुसार महिला यौन उत्पीड़न एवं वाणिज्यिक महिला शोषण अधिनियम 2015 के निवारणार्थ शिविर का आयोजन किया गया । इस शिविर की अध्यक्षता संस्था प्रधान रविंद्र कुमार व्यास के द्वारा की गई। दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि मानसिक उत्पीड़न एक अभिशाप है।किसी भी व्यक्ति या सहपाठी के द्वारा यौन उत्पीड़न के दबाव को सहन न करने के कारण छात्राएं एवं महिलाएं आत्महत्या की शिकार हो जाती है।आए दिन अखबारों में किसी होटल में रेप की घटना पर पुलिस का छापा पड़ता है वाणिज्यिक उत्पीड़न शोषण से शोषित पीड़ित महिलाओं को इस अभिशाप से बचाने के लिए सभी नागरिकों,एवं परिवार के सदस्यों को अपने घर के छात्र छात्राओं क अपने विश्वास में लेकर उन्हें मैत्री पूर्ण वातावरण में किसी भी परिस्थिथितियों से मुकाबला करने की ट्रेनिंग दी जानी आवश्यक है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा सहायता हेल्पलाइन नम्बर15100 पर कॉल करके रजिस्ट्रेशन करायें एवं पुलिस हेल्पलाइन गरीमा नम्बर 109 0 पर तत्काल फोन कर स्थिति से निपटा जा सकता है।किसी भी तरह की मानसिक उत्पीड़न की जानकारी सबसे पहले अपने परिवार में माता पिता को कहे, जिस संस्थान या कॉलेज या विद्यालय में महिला यौन उत्पीडन निमेष समित्ति बनाई हुई है ,उसकी महिला अध्यक्ष को इस बारे में बताएं या संबंधित पुलिस थाना में अपने सुरक्षा के लिए फोन द्वारा सुचित करें। समस्या का निवारण अवश्य ही होगा।

### कलेक्टर ने दिए अधिकारियों को तैयारी के निर्देश

**खैरथल।** सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर अधिकारियों को जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने समय पर पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए हैं। जिला कलक्टर किशोर कुमार ने बताया कि राज्य सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला स्तर पर 12 दिसम्बर से 15 दिसम्बर एवं 17 दिसंबर को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। कार्यक्रम को लेकर संबंधित अधिकारियों को नोडल व सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया हैं।12 दिसम्बर को प्रात: 8 बजे रन फॉर विकसित राजस्थान का आयोजन व जिला स्तरीय प्रदर्शनी का शुभारंभ जिला कलेक्टर डॉ किशोर कुमार करेंगे। सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक युवा सम्मेलन/रोजगार उत्सव का आयोजन पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खैरथल में किया जाएगा। 17 दिसंबर को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में जयपुर में आयोजित कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट जिला मुख्यालय पर किया जाएगा।

### खाद्य एवं पाठ्य सामग्री वितरित की

**टोंक।** इनरव्हील क्लब टोंक के द्वारा राजकीय महात्मा गाँधी सिटी न. 3 स्कूल उच्च प्राथमिक विधालय में बच्चो को खाद्य सामग्री एवं पाठ्य सामग्री वितरित, जिसे पाकर बच्चे बहुत खुश हुए। इस अवसर पर डॉ गीता माहेश्वरी और किरण त्रिपाठी ने बच्चो को शिक्षा का महत्व बताते हुए कहा गया की आजकल के युग में अगर इंसान शिक्षित ना रहा तो उसे जीवन बिताने में कठिनाई हो सकती है। पढ़ाई करना इंसान के जीवन में बहुत जरूरी होता है। अगर कोई बच्चा ठान ले तो बहुत पढ़ लिखकर डॉक्टर, वकील, जज या परीक्षा देकर बड़ा अफसर बन सकता है।

### लैंस प्रत्यारोपण शिविर कल

**श्रीमाधोपुर।** आई रिसर्च सेंटर सोसाइटी एवं जिला स्वास्थ्य समिति अंधता निवारण जयपुर के सहयोग से लायंस क्लब श्रीमाधोपुर की ओर से 42 वां शिविर 12 दिसंबर बृहस्पतिवार को सहाय हॉस्पिटल जयपुर के सानिध्य में राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीमाधोपुर में सुबह 9:30 से दोपहर 12 बजे तक नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर लगाया जाएगा। क्लब के सीताराम सैनी पूर्व वैज्ञानिक से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिविर में नेत्र रोगियों की जांच कर अनुभवी डॉक्टरों द्वारा आधुनिक तकनीकी से बिना टांके मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाएगा। मोतियाबिंद का ऑपरेशन करवाने वाले रोगियों को चश्मा, भोजन एवम् रहने की व्यवस्था नि:शुल्क रहेगी। शिविर में आने वाले रोगी अपने साथ वोटर पहचान पत्र अथवा राशन कार्ड की कॉपी साथ अवश्य लाएं।

### अज्ञात कारण से लगी आग

**पीपलू।** गांव नाथड़ी में अज्ञात कारणों के चलते पशुपालक के बाड़े में रखें ज्वार की कड़बी जलकर राख हो गई। ग्राम सेवा सहकारी समिति पूर्व अध्यक्ष बन्नालाल गुर्जर ने बताया कि पीपलू सडक़ स्थित एक बाड़े में पशुपालक राजेश गुर्जर की करीब पांच ट्रॉली ज्वार की कड़वी रखी हुई थी। अज्ञात कारणो के चलते अचानक आग लग गई।

# पांच साल के मासूम को बोरवेल से निकालने के लिये रेस्क्यू जारी

## बोरवेल करीब 175 फीट गहरा है, जिसमें 147 फीट की गहराई पर मासूम अटका हुआ है




कालीखांड़ के दांगडा ढाणी में बोरवेल में गिरे मासूम को निकालने के लिये खुदाई कार्य जारी है।

- मासूम को सांस लेने में कोई दिक्कत नहीं हो, इसके लिए ऑक्सीजन सप्लाई चालू कर रखी है

**दौसा,** (निसं)। जिले के पापड़दा क्षेत्र में स्थित कालीखांड़ गांव के दांगडा ढाणी में सोमवार को बोरवेल में गिरे मासूम को 23 घंटे बाद भी बाहर नहीं निकाला जा सका है। मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारी और परिजनों की सांसें अटकी हुई हैं। वहीं एनडीआरफ के जवान लगातार मासूम को सकुशल बाहर निकालने की जद्दोजहद में जुटे हुए हैं। बोरवेल से करीब 20 फीट की दूरी पर ही बीती रात से खुदाई की जा रही है।

एनडीआरफ कमांडेंट योगेश कुमार ने बताया कि मासूम की अंदर आखिरी बार मूवमेंट रात दो बजे देखी गई थी। इसके बाद कोई मूवमेंट नजर नहीं आई। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि मासूम सो रहा है या घबराया हुआ है। इसके कारण मूवमेंट नहीं कर पा रहा है। एनडीआरफ कमांडेंट योगेश कुमार ने बताया कि बोरवेल करीब 175 फीट गहरा है, जिसमें 147 फीट की गहराई पर मासूम अटका हुआ है। कुछ देर पहले बोरवेल में कैमरा फंस गया, जिसके कारण बोरवेल में डाली गई सभी रॉड वापिस निकाली गई है। मासूम को सांस लेने में कोई दिक्कत नहीं हो, इसके लिए लगातार ऑक्सीजन सप्लाई चालू कर रखी है। बोरवेल नीचे से करीब 16 इंच चौड़ा है, जिसके चलते मासूम के हरकत करने पर उसके पानी में जाने का डर भी है, जिसके चलते एक अंब्रेला बनाकर मासूम के नीचे लगाया गया है, जिससे मासूम को नीचे जाने से रोका जा सके। बोरवेल में गिरे आर्यन के लिए 24 घंटे से रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। वहीं 90 फीट से अधिक खुदाई हो चुकी है। खुदाई के लिए दो पाईलिंग मशीन घटनास्थल पर मंगवाई गई हैं। एसपी रंजिता शर्मा ने बताया कि पाईलिंग मशीन घटनास्थल के लिए रवाना हो गई हैं। जल्द ही दोनों मशीन मौके पर पहुंच जाएंगी। बोरवेल में गिरे बच्चे की स्थिति को लेकर कुछ भी कहना जल्दबाजी है। उन्होंने जिलेभर में खुले पड़े बोरवेलों को लेकर भी चिंता जाहिर की है।

जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार यादव सोमवार शाम से ही मौके पर डटे हुए हैं, जो राहत बचाव कार्य की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मासूम 147 फीट नीचे अटका हुआ है, जिसके कारण बच्चे तक पहुंचने में अभी समय लगेगा। बोरवेल के ऊपर से एनडीआरफ की टीम बच्चे को हुक में फंसाने के प्रयास कर रही है, लेकिन एनडीआरफ के प्रयास विफल होने पर खुदाई पूरी होने के बाद बच्चे को टनल बनकर बाहर निकाला जाएगा।

मासूम की मां गुड्डी देवी ने बताया कि आर्यन मेरे पास ही खेल रहा था, लेकिन पैर फिसलने से बोरवेल में गिर गया। मौके पर मौजूद भाजपा नेता जगमोहन मीना ने बताया कि भगवान से प्रार्थना है कि मासूम सकुशल बोरवेल से बाहर आ जाए, जिससे परिवार का चिराग फिर रोशन हो जाएगा। बोरवेल से बच्चे की आवाज सुनाई दे रही है। मासूम के परिजन लगातार बच्चे को आवाज दे रहे हैं ताकि वह घबराए नहीं। अपने परिजनों की आवाज सुनकर बच्चा जवाब भी दे रहा है। प्रशासन ने बोरवेल में ऑक्सीजन की नली डाली है ताकि बच्चे को सांस लेने में तकलीफ न हो। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार जगदीश मीना के चार बेटे और एक बेटी हैं। इनमें आर्यन सबसे छोटा बेटा है। घटना के बाद मासूम के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। आसपास की महिलाएं और ग्रामीण परिजनों को ढांढस बंधाने में लगे हुए हैं।

# कतरियासर स्कूल में दो बच्चों का नामांकन, छह शिक्षक लगाए

## विकलांग अध्यापिका को 65 किमी दूर पोस्टिंग दी

**बीकानेर,** (निसं)। अर्द्धवार्षिक परीक्षा शुरू होने से सप्ताहभर पहले शिक्षा विभाग ने राज्य के स्कूलों में सरप्लस चल रहे शिक्षकों का समायोजन कर दिया है। बीकानेर जिले में अधिशेष चल रहे 1900 शिक्षकों में से सिर्फ 635 का ही स्कूल बदला है, जबकि 67 प्रतिशत शिक्षकों को यथास्थान ही समायोजित किया गया है, लेकिन जिन शिक्षकों का समायोजन दूसरी स्कूलों में किया गया है, वहां नियमों को दरकिनार कर शिक्षकों को पोस्टिंग दी गई है।

प्रकरणों को खंगाला तो कई चौकने वाले तथ्य सामने आए। इंग्लिश मीडियम स्कूल नौरगदेसर से लेवल सैकंड के शिक्षक का समायोजन जसनाथपुरा कतरियासर इंग्लिश मीडियम स्कूल में किया गया है। इस स्कूल में केवल दो बच्चों का ही नामांकन है। लेवल सैकंड के शिक्षक जयराम चौधरी समेत चार शिक्षकों का समायोजन किया गया है, जबकि पहले से यहां दो शिक्षक कार्यरत हैं। अब इस स्कूल में दो बच्चों को पढ़ाने के लिए 6 शिक्षक हो गए हैं। वहीं राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक स्कूल धीरेसर पुरोहितान में लेवल वन के पद पर कार्यरत विकलांग अध्यापिका का समायोजन 65 किलोमीटर दूलचासर स्कूल में कर दिया गया है, जबकि नौ किलोमीटर दूर गुसांईसर में पद रिक्त है। हालांकि शिक्षकों के विरोध के बाद माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने पीड़ित शिक्षकों की परिवेदना निस्तारण के जिला व मंडल स्तर पर चार सदस्यीय कमेटी का गठन किया है।

# दुष्कर्मी गिरफ्तार

**नोखा,** (निसं)। पुलिस ने दुष्कर्म करने के आरोपी को सूरत से गिरफ्तार किया है। आरोपी पारिवारिक रिश्ते में बहन के साथ दुष्कर्म करने का आरोपी है। पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गुजरात में दबोचा है। थानाधिकारी अमित कुमार स्वामी ने बताया कि आरोपी 15 साल की पीड़िता के साथ जबरन दुष्कर्म करके फरार हो गया था। नोखा पुलिस ने थाना स्तर पर अलग-अलग टीम बनाकर आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस ने गिरफ्तारी के लिए संभावित स्थानों पर दबिश दी। इस दौरान पुलिस काफी समय से आरोपी को ट्रेस कर रही थी। मंगलवार को आरोपी को गुजरात के सूरत में घेराबंदी कर दबोचा।


**RAJASTHAN HOUSING BOARD**

No. :- RE (Electrical)/RHB/JPR/2024-25/587 Date :- 09/12/2024

**NIB: RE(Electrical) 05/2024-25**

Bid for 1. SITC of High mast light and other lighting work in the office premises of the Dy. Housing Commissioner (Quality Control) R.E. Div -III, R.E. Div. X and R.E (Q.C.) at Haldi ghati marg, Pratap Nagar, Jaipur. 2. Shifting of 11/.43 KV Transformer from studio apartment premises at Sector 08 Haldi ghati Marg, Pratap Nagar, RHB, Jaipur. 3. External Electrification & Street Light Work for SFS & SRS MIG-A, MIG-B and HIG houses at Khoda Ganesh Road Ph-I of Ph-IV, RHB Scheme, Kishangarh. 4. External Electrification and Street Light Work of choupasani housing scheme 23 plots at sector 14 E, RHB, Choupasani ,Jodhpur are invited from interested bidders from 12.12.2024 to 23.12.2024 upto 06:00 PM. Other particular of bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state & http://urban.rajasthan.gov.in/rhb Department Website.

UBN No. :- RHB2425WSOB00297, 298, 299 & 300

RE (Electrical), Jaipur

Raj.Samwad/C/24/8904

**कार्यालय अधिषाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड भीनमाल**

क्रमांकः अअ/मीन /2024-25/1026 दिनांकः 05.12.2024

**निविदा सूचना संख्याः 04 वर्ष 2024-2025**

**NIB No. PWD2425A3166**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सडक कार्य के आधार पर उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवम् दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में कार्य जिनकी लागत राशि रू. 87.00 लाख है के लिए इंटेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| ऑनलाईन निविदा आवेदन डाउनलोड एवं अपलोड करने की तारीख | 11 दिसम्बर 2024, 9:30 बजे से 20 दिसम्बर 2024, सायं 06:00 बजे तक |

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in व http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन सम्पादित की जायेगी। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट पर http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। कार्यवार यू. बी. एन संख्या निम्नानुसार है।

UBN No PWD2425WSOB11642

(आर.एल. बंसल) अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड भीनमाल

DIPR/C/12541/2024


# पत्नी से कहासुनी के बाद पति ने फांसी लगाई

**कोटा,** (निसं)। शराब के नशे में पति-पत्नी के बीच हुई कहासुनी के बाद पति ने साडी का फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मामला रेलवे कॉलोनी थाना इलाके के भदाना का है। मृतक भदाना निवासी सूरज उर्फ रविंद्र है। घटना सोमवार रात्रि की बताई जा रही है। मृतक रविंद्र के चाचा रामदयाल ने बताया कि उसका भतीजा रविंद्र आरसीसी बेलदारी का काम करता था। वह शराब पीने का आदी था और शराब को लेकर दोनों पति-पत्नी बीच आए दिन झगड़ा होता था।

मृतक के चाचा रामदयाल ने बताया कि सोमवार रात्रि को रविंद्र की पत्नी थाने में शिकायत करने के लिए गई थी। पीछे से रविंद्र ने फांसी का फंदा लगा लिया, जब वह वापस लौटी तो उसे रविंद्र फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची और मृतक के शव को नीचे उतारकर एमबीएस अस्पताल के पोस्टमार्टम रूम में रखवा दिया। मृतक के दो बच्चे हैं। पुलिस ने मंगलवार को मृतक रविंद्र के शव को पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। रेलवे कॉलोनी थाना अधिकारी रामस्वरूप मीणा ने बताया कि मृतक रविंद्र शराब पीने का आदी था। शराब को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई शराब के नशे में पत्नी व बच्चों से मारपीट करता था। जिससे तंग आकर पत्नी शिकायत करने के लिए थाने पहुंची तभी रविंद्र की फांसी पर लटके होने की सूचना मिली। पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

# आसाराम को 17 दिन की पैरोल मिली

**जोधपुर,** (कासं)। अपने ही आश्रम की नाबालिग छात्रा से यौन शोषण के आरोप में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम को एक बार फिर से इलाज के लिए पैरोल मिल गई है। इस बार हाईकोर्ट ने आसाराम बापू को 17 दिन की पैरोल दी है। अब आसाराम बापू एक बार फिर पुणे के माधोबाग में इलाज करवाएंगे। उनकी तीस दिन की पैरोल पूरी होने के बाद 17 दिन की पैरोल की अवधि बढ़ाई गई है। आसाराम की पैरोल अवधि बढ़ाने के लिए एप्लिकेशन लगाई गई थी। हाईकोर्ट जस्टिस दिनेश मेहता और विनित माथुर की बैंच ने पुणे के माधोबाग में इलाज के लिए 17 दिन की पैरोल अवधि बढ़ाई है। आसाराम बापू को 15 दिसंबर से 17 दिन की पैरोल दी गई है। आसाराम की ओर से अधिवक्ता आरएस सलूजा और अधिवक्ता यशपाल सिंह ने पैरवी की थी।

# कृषि संकाय के टॉपर विद्यार्थियों को इस साल भी नहीं मिलेंगे टैबलेट

## मेरिट सूची में नहीं किया गया शामिल

**बीकानेर,** (निसं)। शिक्षा विभाग ने बोर्ड परीक्षा-2024 के टॉपर विद्यार्थियों को निशुल्क टैबलेट वितरण की तैयारियां शुरू कर दी है। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने 8वीं सहित 10वीं, 12वीं कक्षा के राज्य मेरिट में चयनित 18 हजार अभ्यर्थियों के बोर्ड परीक्षा परिणाम के वेरिफिकेशन के लिए समस्त डीईओ माध्यमिक को निर्देश जारी किए हैं।

शिक्षा निदेशालय ने प्रवेशिका व वरिष्ठ उपाध्यक्ष सहित तीनों कक्षा के राज्य मेरिट में चयनित अभ्यर्थियों के कट ऑफ मार्क्स जारी कर दिए हैं। वहीं जिला स्तर पर डीईओ की ओर से राज्य मेरिट में चयनित अभ्यर्थियों के कट ऑफ अंकों का मूल अंक तालिका से मिलान का काम भी पूरा हो चुका है। हालांकि शिक्षा विभाग ने इस बार भी कृषि संकाय के टॉपर विद्यार्थियों को निशुल्क टैबलेट योजना के लिए चयनित मेरिट सूची में शामिल नहीं किया है। कृषि संकाय से पास आउट टॉपर विद्यार्थियों को टैबलेट इस साल भी नहीं मिलेंगे। पूर्व में कृषि विषय के रूप में संचालित था। लेकिन पिछली राज्य सरकार ने 2020 में कृषि को विषय से संकाय के रूप में मान्यता दे दी। अब कृषि एक विषय ना होकर अलग संकाय के रूप में राज्य के 398 सरकारी स्कूल में पढ़ाया जा रहा है।

निशुल्क टैबलेट योजना के तहत सत्र 12वीं कक्षा के कला, वाणिज्य, विज्ञान व वरिष्ठ उपाध्याय के छात्र-छात्राओं को ही शामिल किया जा रहा है। शिक्षा विभाग ने टैबलेट के लिए तीनों कक्षाओं के चयनित अभ्यर्थियों के कट ऑफ मार्क्स जारी किए हैं। जिसमें 8वीं की कट ऑफ 90.83 प्रतिशत दसवीं की 89.17 प्रतिशत, प्रवेशिका की 80.67 प्रतिशत सहित 12वीं कला वर्ग में 92.20, कॉमर्स में 85.26 प्रतिशत साइंस की 88 प्रतिशत और वरिष्ठ उपाध्याय की राज्य स्तरीय कट ऑफ 85.60 प्रतिशत रही है।


**राजस्थान स्टेट सीड्स कार्पोरेशन लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालयः तृतीय मंजिल, पंत कृषि भवन, जनपथ, जयपुर-302005

CIN- U75132RJ1978SGC001781, www.rajseeds.org

Tel- 0141-2227665, 2227514, Fax No. 2227147, e-mail- csrajseeds@gmail.com

**46वीं वार्षिक साधारण सभा**

**कम्पनी सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि राजस्थान स्टेट सीड्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड की 46वीं वार्षिक साधारण सभा, सोमवार दिनाँक 30 दिसम्बर 2024 को मध्यान्ह 12:15 बजे सभागार, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान, टोंक रोड़, दुर्गापुरा, जयपुर में, सभा की सूचना में वर्णित विषय-वस्तु अनुसार कार्यवाही सम्पन्न करने के लिये, होनी निश्चित हुई है। वार्षिक साधारण सभा की सूचना कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 102 के अन्तर्गत व्याख्यात्मक विवरण एवं वर्ष 2023-24 का वार्षिक प्रतिवेदन निगम के सदस्यों को अलग से डाक द्वारा प्रेषित किया जा रहा है तथा निगम की वेबसाईट www.rajseeds.org पर भी अपलोड कर किया जा रहा है।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 160 के प्रावधानों के तहत निदेशक की नियुक्ति के लिये इच्छुक व्यक्ति स्वयं या उसके द्वारा प्रस्तावित अन्य सदस्य का निदेशक की उम्मीदवारी का आवेदन मय 1,00,000/- रुपये अमानत राशि के साथ निगम के पंजीकृत कार्यालय में उक्त वार्षिक साधरण सभा की तिथि से 14 दिन पूर्व करवाया जाना आवश्यक है।

नोटः- समस्त अंशधारकों को बैठक में उपस्थित होने हेतु निगम का अशंधारक होने का प्रमाण-पत्र व निगम द्वारा जारी परिचय-पत्र/दस्तावेज लाना अनिवार्य है। अंशधारियों से यह भी निवेदन है कि वे अपने पत्राचार के पते को निगम के पंजीकृत कार्यालय में अपडेट करवावें।

जयपुर

06.12.2024

निदेशक मण्डल की आज्ञा से प्रबंध निदेशक (DIN 10565348)

राज.संवाद/सी/24/8906


# डबल मर्डर मामले में तीन हत्यारों को उम्रकैद

## तीन साल पहले सोते हुए वृद्ध दंपती की हत्या कर दी थी

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर की अपर जिला एवं सेशन न्यायालय के न्यायाधीश दिनेश नागौरी ने तीन साल पहले घर में सोते हुए बुजुर्ग दंपती से लूटपाट के बाद हत्या के मामले में तीन आरोपियों को उम्रकैद की सजा और डेढ़ लाख रुपए जुर्माने से दंडित किया है।

जानकारी के अनुसार इस मामले में वारदात के 24 घंटे बाद ही तीनों आरोपियों को भागते हुए मुखबिर की इत्तला पर पुलिस ने पकड़ लिया था और आरोपियों के कब्जे से मोबाइल, चांदी के सिक्के, पायजेब, अंगूठी, टॉप्स और धारदार हथियार बरामद कर लिए थे। उनके खून से सने कपड़े और अन्य साक्ष्य भी मिल गए थे। इस मामले में अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने पैरवी की। उन्होंने बताया कि इस मामले में 24 गवाह पेश किए गए और 64 दस्तावेज पेश किए गए थे। साथ ही 39 आर्टिकल प्रस्तुत किए गए। इससे सहमत होकर न्यायाधीश दिनेश नागौरी ने आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

राठौड़ ने बताया कि घटना 28 व 29 जून 2021 की रात की है। जब गुलाबबाड़ी क्षेत्र स्थित मिस्त्री मोहल्ला निवासी 85 वर्षीय मदन सिंह चौहान और उनकी पत्नी 80 वर्षीय मैना देवी अपने घर में थे। उस रात आरोपी दीपक कुवाल, दिव्यांश भाटी और सुमेरसिंह घुसे और तीनों ने लूट करने के इरादे से धारदार हथियार से गला रेत कर, मुंह में पकड़ा ठूसकर, गला दबाकर बुजुर्ग दंपती की हत्या कर दी और उनका माल लूट ले भागे।

घटना की इत्तला मिलते ही पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की। लोगों ने आरोपियों को छुपते हुए देखा और शक के आधार पर पुलिस को सूचना दी जिससे वे पकड़े गए और उन्होंने अपना जुर्म भी स्वीकार लिया। आरोपियों के पास से पुलिस ने लूट का माल और साक्ष्य बरामद किये। सभी आरोपी आदतन अपराधी है। पूर्व में इस तरह की वारदात अपनी मौज-शौक के लिए करते रहे हैं।

# साइबर ठगी प्रकरण : नगदी होल्ड कराई

**जोधपुर,** (कासं)। जिला ग्रामीण पुलिस ने साइबर ठगों द्वारा पैसे इन्वेस्ट कर डबल करने का लालच देकर ग्रामीणों से ठगी गई 87 हजार 912 रुपए की राशि होल्ड करवाई है। ग्रामीण एसपी राममूर्ति जोशी ने बताया कि पीपाड़ शहर निवासी आकाश, फुरकान व शरीफ और कोसाणा निवासी मंगलाराम से विभिन्न फ्रॉडर्स ने अलग-अलग तरीकों से बैंक खातों से रुपए निकाल लिए थे। परिवादियों ने 1930 पर अलग-अलग शिकायतें दर्ज करवाई, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर सैल ने 87912 रुपए की राशि फ्रॉडस्टरों के विभिन्न बैंक खातों में होल्ड करवा दी गई। साइबर सैल जोधपुर ग्रामीण ने परिवादी आकाश को 11912 रुपए, मंगलाराम को बीस हजार, फुरकान को 31 हजार व शरीफ को 25 हजार रुपए की राशि रिफण्ड करवाई है।

# नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, महिला गिरफ्तार

- महिला ने 14.85 लाख रुपए लेकर वापस नहीं दिए

**खेतड़ी,** (निसं)। सिंघाना पुलिस ने कोर्ट में बाबू की नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने के मामले में एक महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला ने 14.85 लाख रुपए लेकर वापस नहीं दिए। थानाधिकारी कैलाश यादव ने बताया कि सिंघाना निवासी सुभाषचंद्र ने सितंबर में कांकरिया निवासी बबीता पत्नी सीताराम के खिलाफ रिपोर्ट दी थी कि उसके पुत्र अमित व उसके भाई गोविंद के पुत्र राजेन्द्र को कोर्ट में बाबू की नौकरी दिलाने के नाम पर बबीता ने उनसे 14 लाख 85 हजार रुपए हड़प लिए। पैसे वापस नहीं दे रही।

थाने में मामला दर्ज होने के बाद एसपी शरद चौधरी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एक विशेष टीम का गठन कर ठगी की वारदात में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। पुलिस की टीम लगातार आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी कि पुलिस को सूचना मिली कि धोखाधड़ी की वारदात में शामिल एक महिला जयपुर आई हुई हैं।

जिस पर पुलिस ने दबिश देकर कांकरिया निवासी बबीता पत्नी सीताराम को पांच्यावाला जयपुर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी महिला की गिरफ्तारी में एएसआई धूड़सिंह का विशेष योगदान रहा। थानाधिकारी कैलाश यादव ने बताया कि गिरफ्तार महिला से रुपयों की बरामदगी के लिए महिला से पूछताछ की जा रही है तथा वारदात में शामिल अन्य आरोपियों की जानकारी जुटाई जा रही है।


**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, जन स्वा. अभि. विभाग, जिला ग्रामीण खण्ड द्वितीय, बीकानेर**

पी.एच.ई.डी. कैम्पस, इण्डस्ट्रीयल एरिया, के.जी. कॉम्पलेक्स के पास, रानीबाजार, बीकानेर (334001) फोन नं. 0151-2226475 ई मेल-pheddriibkn@gmail.com. ecdiv2.bik.phed@rajasthan.gov.in Latitude 28.0005250 Longitude 73.3249120

क्रमांक :- 4687-99 दिनांक :- 01.12.2024

**ई-बोली सूचना संख्याः- 95 से 107/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्नहस्ताक्षरकर्ता द्वारा जन स्वा. अभि. विभाग के पंजीकृत / सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-टैण्डरिंग द्वारा बोली आमंत्रित की जाती है। यह बोली website "www.sppp.rajasthan.nic.in" पर देखी जा सकती है तथा बोली प्रपत्र "http:/eproc.rajasthan.gov.in" से दिनांक 07.12.2024 को सायं 06.00 बजे से दिनांक 19.12.2024 को सायं 06.00 बजे तक डाउनलोड किये जा सकते है तथा ऑनलाईन बिड डालने की अवधि दिनांक 19.12.2024 को सायं 06.00 बजे तक रहेगी, उक्त बोली दिनांक 20.12.2024 को दोपहर 01.00 बजे ऑनलाईन खोली जायेगी।

Egrass (electronic government receipt accounting system web site https://egras.raj.nic.in) के माध्यम से बोली शुल्क बजट मद 0075-00-800-52-01, धरोहर राशि बजट मद 8443-00-108-00-00 जोकि "23810 Executive Engineer, PHED, District (Rural) Division II, Bikaner" के नाम से एवं ई-टैण्डरिंग प्रक्रिया शुल्क बजट मद 8658-00-102-16-02 जोकि Managing Director, RISL Payable at Jaipur के नाम से एक ही चालान से जमा करवाना आवश्यक होगा। कुल 13 कार्य है जिसकी कुल लागत 290.21 लाख रूपये है जिनमें एक कार्य की अधिकतम लागत रूपये 29.94 लाख है।

| बोली संख्या | 95 | 96 | 97 | 98 | 99 | 100 | 101 | 102 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| एसपीपीपी कोड संख्या | PHE2425 WSOB06 734 | PHE2425 WSOB06 735 | PHE2425 WSOB06 736 | PHE2425 WSOB06 737 | PHE2425 WSOB06 739 | PHE2425 WSOB06 741 | PHE2425 WSOB06 744 | PHE2425 WSOB06 745 |
| बोली संख्या | 103 | 104 | 105 | 106 | 107 | | | |
| एसपीपीपी कोड संख्या | PHE2425 WSOB06 746 | PHE2425 WSOB06 747 | PHE2425 WSOB06 748 | PHE2425 WSOB06 750 | PHE2425 WSOB06 751 | | | |

(नरेश कुमार रैगर) अधिशाषी अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग, जिला ग्रामीण खण्ड-II, बीकानेर

DIPR/C/12530/2024

